आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

• वर्ष- 16 अंक 58 • जबलपुर • गुरुवार, 31 मार्च, 2022 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • चैत्र मास कृष्ण पक्ष-14 • विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in



## बड़ा संकट
## आज पृथ्वी से टकराएगा सौर तूफान, खतरा तीन गुना अधिक

तेजी से बदलेंगे अंतरिक्ष के हालात

**नई दिल्ली।** हाल ही में सूर्य पर एक विस्फोट के बाद अंतरिक्ष में सौर तूफान उठा। 14 मार्च से यह तेजी से पृथ्वी की ओर बढ़ रहा है और बृहस्पतिवार को हमारे ग्रह से टकराएगा।नासा के मुताबिक, 21,85,200 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आ रहे सौर तूफान के पृथ्वी से टकराने की आशंका 80 फीसदी है। वैज्ञानिकों ने चेताया कि इसकी वजह से आज सुबह-शाम के वक्त रेडियो व जीपीएस सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। इस बार पहले के तूफान की तुलना में खतरा तीन गुना ज्यादा है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी का कहना है कि पिछले कई वर्षों में हमने सूरज में काफी कम हलचल देखी है। ऐसा अधिकतर सोलर मिनिमम के दौरान ही होता है, लेकिन अब हम सोलर मैक्सिमम की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। यह 2025 में अधिक तेज होगा। सौर तूफान के कारण धरती का बाहरी वायुमंडल गर्म होने का सीधा असर उपग्रहों पर पड़ेगा। इससे जीपीएस नैविगेशन, मोबाइल फोन सिग्नल और सैटलाइट टीवी में रुकावट पैदा हो सकती है। पावर लाइन में करंट तेज हो सकता है, जिससे ट्रांसफार्मर भी उड़ सकते हैं। आमतौर पर ऐसा कम ही होता है।

# महंगाई का करंट, कांग्रेस का हल्लाबोल

## पेट्रोल-डीजल में दस दिन में 6.40 रु. का बड़ा झटका

**नई दिल्ली।** अब पेट्रोल-डीजल के जरिए अब रोज महंगाई का करंट लग रहा है। आज भी पेट्रोल-डीजल ने 80-80 पैसे का झटका दिया है। गुरुवार को पेट्रोलियम कंपनियों ने ईंधन के नए रेट जारी किए तो जयपुर-अहमदाबाद से पटना और भोपाल से चेन्नई तक पेट्रोल 100 रुपये के पार चला गया। यहां तक कि मुंबई में डीजल भी अब 100 रुपये से अधिक हो गया है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत में 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद 101.81 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इस तरह 10 दिन में दिल्ली में पेट्रोल 6.40 रुपये महंगा हुआ है। वहीं, डीजल भी 6 रुपये 40 पैसे तक महंगा हुआ है। अब दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल के लिए 101.81 रुपये और डीजल के लिए 93.07 रुपये खर्च करने पड़ेंगे। इससे पहले 21 मार्च को राजधानी में पेट्रोल का दाम 95.41 और डीजल 86.67 रुपये प्रति लीटर था।

### महंगाई का बैरोमीटर

अब 22 मार्च 2022 से पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ रहे हैं। 22 मार्च से 23 मार्च तक रोजाना पेट्रोल-डीजल 80-80 पैसे महंगा हुआ। 24 मार्च को कोई बदलाव नहीं हुआ, लेकिन 25 मार्च से एक बार फिर पेट्रोल-डीजल 26 तक 80-80 पैसे बढ़े। इसके बाद 27 मार्च को पेट्रोल 50 और डीजल 55 पैसे महंगा हुआ। 28 मार्च को पेट्रोल 30 और डीजल 35 पैसे बढ़ा। 29 मार्च को पेट्रोल 80 पैसे प्रति लीटर और डीजल 70 पैसे प्रति लीटर बढ़ गया, 30 मार्च को एक बार फिर पेट्रोल-डीजल के दाम 80-80 पैसे बढ़े और आज भी राहत नहीं मिली है, पेट्रोल-डीजल के रेट 80 पैसा बढ़ गए हैं।

## चुनाव खत्म लूट चालू के नारे के साथ प्रदर्शन
## राहुल समेत कई बड़े नेता सड़क पर उतरे

**नई दिल्ली । पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के बढ़ते दामों और महंगाई के खिलाफ कांग्रेस पार्टी आज यानी गुरुवार को देशभर में प्रदर्शन कर रही है। इस प्रदर्शन को असरदार बनाने के लिए राहुल गांधी समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता सड़क पर उतरे हैं। प्रदर्शन के दौरान सभी नेता चुनाव खत्म लूट चालू के नारे लगाते नजर आए।** कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हर दिन पेट्रोल-डीजल और अन्य चीजों के दाम अनावश्यक बढ़ रहे हैं और इसका परिणाम आवश्यक वस्तुओं पर हो रहा है इसलिए आज हम राहुल गांधी के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहें। कांग्रेस की मांग है कि यूपीए सरकार के दौरान जो कीमतें थी वो किया जाना चाहिए। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि जब पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ते हैं तब हर चीज के दाम बढ़ते हैं। जब दुनिया में कच्चे तेल के दाम सबसे कम थे तब भी यह सरकार पेट्रोल-डीज़ल के दाम बढ़ा रही थी। 101 रुपये का तेल भराने में 52 रुपये सरकार के पास एक्साइज टैक्स के रूप में जा रहे हैं।



### पूरे देश में हमारा प्रदर्शन चलेगा और काफी दिनों तक चलेगा: राहुल

*कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि पिछले 10 दिन में 9 बार पेट्रोल-डीज़ल के दाम बढ़ाए गए हैं और इसका परिणाम मध्यम वर्ग और गरीब लोगों पर पड़ता है। हमारी मांग है कि सरकार पेट्रोल-डीज़ल के दाम को बढ़ाना बंद करें। पूरे देश में हमारा प्रदर्शन चलेगा और काफी दिनों तक चलेगा।*



**कल राहुल गांधी ने ट्वीट कर प्रधानमंत्री की Daily To-Do List साझा की थी**

1. पेट्रोल-डीजल-गैस का रेट कितना बढ़ाऊ ̇2. लोगों की 'खर्चे पे चर्चा' कैसे रुकवाऊं 3. युवा को रोज़गार के खोखले सपने कैसे दिखाऊ ̇4. आज किस सरकारी कंपनी को बेचूं5. किसानों को और लाचार कैसे करूं



## भाजपा के साथ नरम रुख अपना रही एनसीपी !

**मुंबई।** महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी सरकार में आपसी मतभेद की खबरें सामने आ रही हैं। सूत्रों का कहना है कि भाजपा के प्रति एनसीपी के नरम रुख को लेकर उद्धव ठाकरे चिंतित हैं और उन्होंने इस मामले में शरद पवार से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि भाजपा जांच एजेंसियों के जरिए गठबंधन के नेताओं को निशाना बना रही है। सेना के सूत्रों के मुताबिक कई ऐसे मौके गिनाए गए जब एनसीपी को भाजपा पर हमलावर होना चाहिए थे लेकिन वह बैकफुट पर आ गई। मुंबई पुलिस ने भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस को फोन टैपिंग मामले में साइबर विंग केबीसी ऑफिस में हाजिर होने को कहा था, हालांकि मुंबई पुलिस ने 13 मार्च को अपना फैसला बदल दिया। इसके बाद पुलिस ने फडणवीस के घर पर जाकर उनका बयान लिया। गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी एनसीपी नेता के पास है और इसी मंत्रालय के अंतरगत पुलिस विभाग आता है।

उद्धव ठाकरे को चिंता, शरद पवार से की बात

## गुर्जर आंदोलन के प्रणेता कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला का निधन



**जयपुर।** राजस्थान में गुर्जर आरक्षण आंदोलन को लीड करने वाले कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला का निधन हो गया है। किरोड़ी बैसला लंबे समय से बीमार चल रहे थे। बैंसला ने जयपुर के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें मणिपाल अस्पताल ले जाया गया था जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बैंसला के निधन पर लोग ट्विटर पर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। वहीं उनके निधन से गुर्जर समाज में शोक की लहर छा गई है। बता दें कि राजस्थान में बैंसला को गुर्जरों की अधिकारों की लड़ाई में अगुवा के रूप में जाना जाता है। बड़ी बात यह है कि उनके एक इशारे पर गुर्जर समाज एकजुट हो जाता था। बैंसला की ताकत इतनी थी कि वो उनके एक इशारे पर पूरा राजस्थान रूक जाता था।

## रतलाम में सूफा संगठन फिर एक्टिव



**राजस्थान पुलिस ने तीन कट्टरपंथियों को पकड़ा, बम बनाने का सामान मिला**

**भोपाल।** रतलाम में देशद्रोह के मामले में कुख्यात सूफा संगठन फिर सक्रिय हो गया है। राजस्थान पुलिस ने सूफा के तीन कट्टरपंथियों को बम बनाने के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। उदयपुर और जयपुर की श्रुस उनसे पूछताछ कर रही है। तीनों से पूछताछ करने के लिए मध्यप्रदेश की श्रुस भी राजस्थान जाएगी। उदयपुर ढ्ढत्र हिंगलाज दान ने इस संबंध में पुष्टि की है। राजस्थान के सीमावर्ती जिले चित्तौड़गढ़ के निंबाहेड़ा में बुधवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन युवकों को पकड़ा। आरोपियों के नाम जुबेर, अल्तमस और सरफुद्दीन उर्फ सेफुल्ला बताए गए हैं। आरोपी रतलाम से भागकर निंबाहेड़ा के पास रानीखेड़ा में रह रहे थे। बम बनाने की जानकारी मिली तो उदयपुर और जयपुर की एटीएस पूछताछ के लिए निंबाहेड़ा पहुंची। आरोपियों से सामग्री के सप्लायर के संबंध में पूछताछ की जा रही है। मध्यप्रदेश की एटीएस टीम आरोपियों के अन्य साथियों का पता लगा रही है। सूफा कट्टरपंथी सोच के 40-45 युवकों का एक ग्रुप रहा है। यह ग्रुप समाज में कट्टरपंथी सोच व तौर तरीकों का हिमायती है। आतंकियों के स्लीपर सेल की तरह काम करता है

## प्रमोशन में आरक्षण खत्म किया तो मच सकता है उपद्रव

### ... केंद्र सरकार का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि अगर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों को पदोन्नति यानी प्रमोशन में आरक्षण देने की नीति को रद्द कर दिया जाता है तो इससे हंगामा हो सकता है। केंद्र सरकार ने कहा कि 2007-20 के दौरान इस नीति के तहत साढ़े चार लाख से अधिक कर्मचारियों को इसका लाभ मिला था। ऐसे में अगर इसके खिलाफ अगर किसी भी तरह का आदेश दिया जाता है तो इसके गंभीर और व्यापक प्रभाव हो सकते हैं। कर्मचारी उपद्रव मचा सकते हैं। आपको बता दें कि केंद्र की इस को 2017 में दिल्ली HC ने खारिज कर दिया था। अपनी नीति का बचाव करते हुए केंद्र सरकार ने अपने हलफनामे में कहा कि यह इस अदालत द्वारा निर्धारित संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप है। सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व अपर्याप्त है। केंद्र सरकार ने यह भी कहा कि एससी और एसटी कर्मचारियों को प्रमोशन में आरक्षण देने से प्रशासन की दक्षता में किसी भी तरह की बाधा नहीं आई। सरकार ने कहा कि इसका लाभ केवल उन्हीं अधिकारियों को दिया गया जो मानदंडों को पूरा करते हैं और उन्हें फिट घोषित किया जाता है। 75 मंत्रालयों और विभागों का डेटा पेश करते हुए केंद्र सरकार ने अपने हलफनामे में कहा कि कुल कर्मचारियों की संख्या 27,55,430 है। इनमें से 4,79,301 एससी, 2,14,738 एसटी समुदाय से आते हैं।

## मार्च में मई-जून जैसी गर्मी



**तप रहे दिल्ली, राजस्थान, यूपी, एमपी, महाराष्ट**

**नई दिल्ली।** देशभर के कई हिस्सों में तापमान लगातार बढ़ रहा है। इस साल मार्च के महीने में पूरे देश में गर्मी का प्रचंड मार्च जारी रहा। मार्च में ही मई-जून जैसी गर्मी महसूस होने लगी है। ऐसा पहली बार है मार्च में लगातार तीसरे दिन सभी मैदानी राज्यों के शहरों में पारा 40 डिग्री के पार हुआ है। इंडियन मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट (मौसम विभाग) के मुताबिक, दिल्ली के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने बताया है कि गुरुवार यानी आज दिल्ली में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। वहीं, बुधवार को देश में सबसे अधिक तापमान महाराष्ट्र के चंद्रपुर में 44.2 और अकोला में 43.2 डिग्री सेल्सियस रहा। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश व पूर्वी राजस्थान के अधिकांश शहरों में तापमान लगातार तीसरे दिन 40 डिग्री से अधिक दर्ज हुआ है। ऐसा पहली बार है। अब तक आमतौर पर पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र व कर्नाटक के कुछ शहरों में मार्च में एक दशक में पारा 40 डिग्री के पार जाता रहा है।

## राज्यसभा से 72 सांसद रिटायर

**पीएम मोदी बोले- अनुभवी साथी के जाने की कमी हमेशा खलेगी**

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा के 72 सेवानिवृत्त सदस्यों की विदाई के मौके पर राज्यसभा में अपना संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि हमारे राज्यसभा सदस्यों के पास बहुत अनुभव है। कभी-कभी अनुभव में ज्ञान से अधिक शक्ति होती है। हम सेवानिवृत्त सदस्यों से कहेंगे कि एक बार फिर से आइए। रिटायर होने वाले सदस्य अब बाकी दुनिया को अपने अनुभव का फायदा पहुंचाएंगे। पीएम मोदी के बाद एक-एक कर सदस्यों ने अपने विचार रखें। राज्यसभा के सेवानिवृत्त सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू, उप सभापति हरिवंश और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ फोटो खिंचवाई।

### आज 6 राज्यों की 13 सीटों के लिए मतदान

पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के बाद अब सभी की नजर राज्यसभा चुनावों पर है। गुरुवार को 6 राज्यों की 13 सीटों के लिए मतदान होगा। ये राज्य हैं - असम (2), हिमाचल (1), केरल (3), नागालैंड (1), त्रिपुरा (1), और पंजाब (5)। भाजपा को भरोसा है कि पंजाब को छोड़कर अन्य सभी राज्यों से उसके सदस्य राज्यसभा के लिए चुने जाएंगे। 245 सदस्यीय राज्यसभा में भाजपा के पास वर्तमान में 97 सदस्य हैं।



## पाकिस्तानी सेना को डरा रहे थे इमरान खान

**जनरल बाजवा ने एक झटके में बंद की बोलती**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के बाद अपनी कुर्सी को बचाने के लिए शह और मात का खेल खेल रहे प्रधानमंत्री इमरान खान की बुधवार को सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा और आईएसआई चीफ ने बोलती बंद कर दी। दरअसल, इमरान अपने ही राजदूत का एक चेतावनी पत्र सार्वजनिक करके यह दिखाना चाहते थे कि उनकी सरकार को गिराने के लिए अंतरराष्ट्रीय साजिश रची जा रही है। जनरल बाजवा को जब यह पता चला तो वह तुरंत इमरान खान के घर पहुंचे और उन्हें आगाह किया कि पाकिस्तानी पीएम ऑफिसियल सीक्रेट एक्ट में फंस जाएंगे और जेल हो सकती है। इसके बाद इमरान ने देश को संबोधित करने का फैसला अचानक से रद कर दिया।पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक जनरल बाजवा ने इमरान खान को बताया कि इस कथित पत्र को सार्वजनिक करने से उस देश से संबंध और ज्यादा खराब हो सकते हैं। ऐसे में पाकिस्तानी पीएम इसे सार्वजनिक करने से परहेज करें।

## हाईवे पर वाहन चलाना होगा महंगा

### 65 रुपए तक बढ़ाया गया टोल टैक्स

**नई दिल्ली।** अब राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलना भी महंगा हो गया है। जानकारी के मुताबिक, 1 अप्रैल से राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़ने वाले टोल टैक्स के रेट बढ़ा दिए गए हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने टोल टैक्स में 10 से 65 रुपये तक की बढ़ोतरी की है। छोटे वाहनों के लिए 10 से 15 रुपये जबकि कामर्शियल वाहनों के लिए 65 रुपये तक टोल टैक्स बढ़ाया गया है। नई दरें 31 मार्च 2022 की रात 12 बजे से लागू हो जाएंगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने यह दर बढ़ाई है। एनएचएआई के परियोजना निदेशक एनएन गिरी ने पुष्टि की है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए टोल टैक्स में बढ़ोतरी के संबंध में एक अधिसूचना जारी की गई है। दिल्ली को जोड़ने वाले राजमार्गों पर चौपहिया वाहनों- कारों और जीपों के लिए टोल मूल्य में वृद्धि की गई है। 1 अप्रैल से ओवरसाइज वाहनों को वन-वे के लिए 65 रुपये चुकाने होंगे।सरमा ने कहा, कोई समुदाय अल्पसंख्यक है या नहीं इसकी परिभाषा उस विशेष राज्य या जिले में मौजूदा वास्तविकता पर आधारित होनी चाहिए। यह चिंता का विषय है और वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट भी इस पर सुनवाई कर रहा है।

## 81 वर्षीय मां का अनूठा अंगदान

# 56 साल के बेटे को दी किडनी

**मुंबई। मां का दिल हमेशा अपने बच्चों के लिए धड़कता है। मुंबई में जब एक परिवार में 56 साल के बेटे पर स्वास्थ्य संकट आया तो 81 वर्षीय मां ने अपनी किडनी देकर लाड़ले की जान बचाने में देर नहीं की। नवी मुंबई के अपोलो अस्पतालों के डॉक्टरों का दावा है कि 81 वर्ष की उम्र में किडनी दान का यह देश का पहला मामला है।**

दरअसल 56 साल के राजेन शशिकांत शाह को 2020 में अचानक किडनी की तकलीफ हुई। इसके बाद उन्हें सप्ताह में चार बार डायलेसिस कराने पड़ रहे थे। इससे निजात पाने के लिए डॉक्टरों ने हाल ही में उन्हें किडनी प्रत्यारोपण की सलाह दी। फिर परिजनों ने राजेन शाह के लिए किडनी डोनर की तलाश शुरू की, लेकिन उनकी बुजुर्ग मां कला शशिकांत शाह ने अपने बेटे के लिए किडनी देने को तैयार हो गई। उनकी इस पहल पर डॉक्टर भी भौंचक रह गए। कला शाह की उम्र ज्यादा होने को लेकर डॉक्टरों को कुछ संदेह हुआ, लेकिन उनके कुछ टेस्ट किए गए, इसमें उनकी किडनी उपयुक्त पाई गई। इसके बाद डॉक्टर भी इसके लिए तैयार हो गए। आखिरकार मां की किडनी बेटे के शरीर में सफलापूर्वक प्रत्यारोपित कर दी गई।



**2020 से करा रहे थे डायलेसिस**

राजेन शाह टाइप टू डायबिटीज व हाइपरटेंशन के भी मरीज हैं, इसलिए किडनी की गंभीर बीमारी होने के बाद उन्हें सप्ताह में चार दिन डायलेसिस कराना पड़ती थी। वह और उनका परिवार मुंबई के घाटकोपर इलाके में रहता है। राजेन शाह आईटी पेशेवर हैं। 2021 में किडनी प्रत्यारोपण के बाद से बुजुर्ग मां व बेटे राजेन स्वस्थ हैं। राजेन शाह को किडनी देने के लिए उनकी पत्नी भी तैयार हो गई थीं, लेकिन उन्हें हायपरटेंशन रोग होने से डॉक्टरों ने इनकार कर दिया।

**81 की उम्र में इसलिए पाई गई फिट**

इस मौके पर कला शाह ने अपने सेहतमंद होने का राज भी बताया। उनका कहना है कि वह सुबह जल्दी उठती हैं और सही समय पर उपयुक्त आहार ग्रहण करती हैं। हमेशा सक्रिय रहती हैं। घर में पूरी तरह सकारात्मक माहौल है, इसलिए टेंशन का सवाल ही नहीं। इसलिए इतनी उम्र में भी पूरी तरह फिट हूं।

अपोलो अस्पताल के डॉ अमोल पाटिल ने बताया कि इससे पहले दिल्ली में 80 साल के व्यक्ति ने किडनी दी थी। इस मामले में किडनी डोनर की उम्र 81 साल है। इस तरह कला शाह सबसे बुजुर्ग व जीवित किडनी दाता हैं।

## रूस ने की मैरियूपोल में युद्धविराम की घोषणा

### चेर्नोबिल भी छोड़ रहे पुतिन के सैनिक



**कीव/मॉस्को/वाशिंगटन ।**ढ्ढ रूस-यूक्रेन के बीच आज 36वें दिन भी जंग जारी है। दोनों देशों में से कोई भी एक दूसरे के सामने झुकने के लिए तैयार नहीं है। इस बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने गुरुवार को कहा कि उनकी सेना देश के पूर्व में रूसी सैनिकों को मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी कर रही है। ताजा जानकारी के अनुसार रूस-यूक्रेन के बीच आज एक बार फिर से शांति वार्ता की जाएगी। इसी बीचरूसी प्रशासन ने यूक्रेन के मैरियूपोल में युद्धविराम की घोषणा कर दी है। इसके अलावा चेर्नोबिल से भी रूसी सैनिकों की वापसी हो रही है। एक स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कीव के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन का लगभग आधा क्षेत्र रूसी विस्फोटकों से प्रदूषित हो गया।

# तमतमाया सूरज, छूट रहे पसीने



**जबलपुर,** । गर्मी का ताडव जारी है । गुरूवार सुबह से ही तेज धूप लोगों को हलाकान करने लगी है । रात में तापमान बढ़ने से सुबह से वातावरण में गर्माहट का अहसास बना हुआ है। अधिकतम तापमान 40 डिग्री को पार कर गया है, वहीं लू भी झकझोरने लगी है। गर्म हवा के झोंके शरीर को कुम्हला रहे हैं। चश्मा, गमछा, चुनरी से चेहरा ढंके बिना निकलना मुश्किल हो गया है। तापमान में आए उछाल को देखते हुए मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक जबलपुर सहित संभाग के जिलों में तेज धूप के साथ लू चलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार जबलपुर पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में लू चलने की संभावना है। पूर्वी राजस्थान और पश्चिम मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में और 31 मार्च से 2 अप्रैल के बीच अलग-अलग इलाकों में लू चल सकती है। जबलपुर सहित संभाग के जिले भी लू की चपेट में है। पश्चिमी गर्म हवा झुलसाने वाली गर्मी महसूस कराएगी। गर्म हवा से वातावरण इतना गर्म हो रहा कि शाम तक हवा में गर्माहट का अहसास होने लगा है। अप्रैल माह में गर्मी और बढ़ जायेगी। दिन का अधिकतम तापमान पहले पखवाड़े में ही 44 डिग्री तक पहुंच सकता है। बहरहाल दिन का अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री पर पहुंच गया। तापमान की बढ़ती चाल को देखते हुए कहा जा रहा है गर्मी आते ही ठंडाई का बाजार भी गर्म हो चला है। गर्म हवा से बार-बार सूखते गले को तर करने के लिए लोग ठंडाई, आइसक्रीम, लस्सी, छाछ सहित अन्य तरावटदार पेय पदार्थों का सेवन करने लगे हैं।



# केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों से प्रधानमंत्री करेंगे परीक्षा पर चर्चा

**जबलपुर।** देश और विदेश में स्थित केंद्रीय विद्यालयों के बोर्ड की परीक्षा आगामी 26 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रही है। इससे पूर्व बच्चों को मानसिक रूप से तैयार करने एवं प्रोत्साहित करने हेतु वर्ष 2018 से प्रधानमंत्री केंद्रीय विद्यालय के बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों और अभिभावकों से चर्चा करते आ रहे हैं। इसी कड़ी में इस वर्ष भी प्रधानमंत्री श्री मोदी केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से एक अप्रैल को परीक्षा पर चर्चा करेंगे। इसी संदर्भ में केंद्रीय विद्यालय गढ़ा जबलपुर में प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमें जिले के नोडल अधिकारी गुरमीत सिंह प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय वाहन निर्माणी जबलपुर ने बताया कि हर वर्ष प्रधानमंत्री परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम करते आ हैं. और इसी कड़ी में इस वर्ष 1 अप्रैल 2022 को प्रातः 11 बजे से पांचवा संस्करण दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाला है। जिसमें रचनात्मक लेखन के आधार पर चयनित 1 लाख 57 हजार बच्चे और अभिभावक प्रधानमंत्री से संवाद करेंगे जिसका वर्चुअल प्रसारण भी होगा। उन्होंने बताया कि कोविड-19 महामारी से उबरने और परीक्षाओं के ऑनलाइन मोड में जाने के मद्देनज़र इस वर्ष के पीपीसी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि परीक्षा पर चर्चा विद्यार्थियों के लिए तनावन्मुक्त माहौल बनाने को लेकर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक बड़े आंदोलन च्एक्जाम वॉरियर्स का हिस्सा है जो प्रधानमंत्री मोदी के छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं समाज को एक ऐसे माहौल को बढ़ावा देने के प्रयासों से प्रेरित है जहां प्रत्येक बच्चे के व्यक्तित्व को प्रोत्साहित किया जाता है और खुद को पूरी तरह अभिव्यक्त करने की सुविधा प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष खास बात यह है कि केंद्रीय विद्यालय के दो विद्यार्थी इस कार्यक्रम का संचालन करेंगे। श्री गुरमीत सिंह ने शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से जारी एक प्रेस नोट का वाचन करते हुए यह जानकारी प्रदान की।इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय गढ़ा के प्राचार्य सुनील कुमार सोनी एवं केंद्रीय विद्यालय वाहन निर्माणी जबलपुर के उप प्राचार्य मनीष गुप्ता उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी में उजाड़ा जा रहा है घरोंदा



जबलपुर । सयुक्त संचालक कृषि किसान कल्याण तथा कृषि विकास कार्यालय को भीषण गर्मी में उजाड़ने की सुगबुगाहट मची हुई है। अंग्रेजों के समय के इस कार्यालय को अवैध बताकर चिलचिलाती धूप में सरकारी अमले को वे-आबरू कर कार्यालय से निकाला जा रहा है। म प्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के योगेन्द्र दुबे के साथ विभागीय कर्मचारियों ने सयुंक्त संचालक कृषि श्री के. एस .नेताम को मॉग पत्र देकर वैकल्पिक व्यवस्था ना होने तक कार्यालय की भूमि को खाली ना करने की मांग की गई है। उन्होंने कलेक्टर जबलपुर से इस संबंध में चर्चा करने का आश्वासन दिया है। म प्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के योगेन्द्र दुबे, संजय यादव, अटल उपाध्याय, आर एस राजपूत, कैलाश धवलकर, हरि पटैल, रम्मू लाल वर्मा, गोविन्द विल्थरे, रजनीश दुबे, पवन श्रीवास्तव, डी के नेमा, रजनीश तिवारी ने बताया है कि कार्यालय में पदस्थ महिला कर्मी भारी परेशान है, संभागीय स्तर की किसानों की जानकारियां कार्यालय में रखी हुई है , अफरा -तफरी में रिकार्ड खराब होने की संभावना बनी हुई है। चिलचिलाती धूप में जब किसी पंछी का भी घरोंदा नहीं उजाड़ा जाता तब सरकारी कर्मचारियों को बिना कार्यालय के लिए जगह दिये बे- आबरू कर कार्यालय से निकाला जाना न्याय संगत नहीं है। संघ के पदाधिकारियों ने कार्यालय के स्थान पर ही कुछ भूमि पर विभागीय कार्यालय बनाये जाने की माँग की है।

# जबलपुर में पेट्रोल 88 , डीजल 82 पैसे महंगा

**जबलपुर,** । देश-प्रदेश और शहर में पेट्रोल और डीजल के दाम दस दिनों में नौवीं बार बढ़ चुके हैं। गुरुवार को फिर पेट्रोल के दाम 88 पैसे तो डीजल के 82 पैसे ब? गए। इस तरह से शहर में पेट्रोल 114 रुपये 20 पैसे प्रति लीटर पर पहुंच गया। जबकि एक लीटर डीजल का रेट 97 रुपये 46 पैसे हो गया है।दस दिनों में नौवीं बढ़ोत्तरी के बाद जबलपुर में पेट्रोल 6 रुपये 99 पैसे और डीजल 6 रुपये 46 पैसे उछल चुका है। तेल कंपनियों को अपना अरबों का घाटा पूरा करना है। ईंधन के दाम में लगातार इजाफे की वजह से अन्य उत्पादों की कीमत पर भी असर पड़ना तय है। गेहूं, दाल, चावल, मसाले, तेल आदि के दाम वैसे ही आसमान पर हैं। ऐसे में डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़ने के नाम पर होने वाली माल-भाड़ा वृद्धि रही-सही कसर भी पूरी कर सकती है।

# श्रीजानकीरमण महाविद्यालय रासेयो इकाई करेगी रानी दुर्गावती समाधी स्थल का पुनरूद्धार- ‘ सुशील तिवारी ’

**जबलपुर ।** श्रीजानकीरमण महाविद्यालय जबलपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का विशेष शिविर ग्राम पंचायत पिपरिया खुर्द के अंतर्गत ग्राम नर्रई में प्रो. कपिल देव मिश्र कुलपति रानी दुर्गावती एवं डॉ लीला भलावी , अतिरिक्त संचालक, जबलपुर संभाग, जबलपुर, श्री शरद चंद पालन, अध्यक्ष शासी निकाय के मार्गदर्शन में एवं डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, प्राचार्य श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के निर्देशन में संचालित हो रहा है। जिसके अंतर्गत प्रभात फेरी का आयोजन ग्राम पंचायत पिपरिया खुर्द के सरपंच गिरधारी पटेल के नेतृत्व में किया गया जिसके अंतर्गत जन जागरण हेतु विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया गया । मुख्य कार्यक्रम में पनागर क्षेत्र के विधायक सुशील तिवारी इन्दु की उपस्थिति में तथा डॉ पवन स्थापक के निर्देशन में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का गरिमामय आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत 100 से अधिक ग्रामीणों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान किया गया किया गया । सुशील तिवारी इंदू ने अपने उदबोधन में कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन जन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत युवा पीढ़ियों को ग्रामीण अचंलो से जोड़ना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरण नितांत आवश्यक है उन्होंने कहा कि, जिस स्थल पर शिविर संचालित हो रहा है वह हमारी विरासत है और उसका संरक्षण हम सभी का दायित्व है ऐसे में श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवकों का यह नैतिक कर्तव्य है कि इस स्थल को और बेहतर तरीके से विकसित किया जाये ,क्योंकि श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के रासेयो स्वायंसेवकों ने इसे गोद लिया है मुझसे इस स्थल को विकसित करने के लिए जो भी आवश्यकता पड़ेगी उसमे मेरा पूरा सहयोग रहेगा। कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्राचार्य श्रीजानकीरमण महाविद्यालय डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, ने कहा कि, यह विशेष शिविर रानीदुर्गावती के समाधि स्थल में इसी उदेश्यों से आयोजित किया गया है कि, युवाओं को अपनी विरासत से परिचित कराया जा सके। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ आनंद सिंह राणा, जिला संगठक,जिला जबलपुर ने कहा कि, इस स्थल का इतिहास अति प्राचीन और महत्वपूर्ण है इसे विकसित करने के लिए जिला जबलपुर के रासेयो स्वयंसेवक पूरी शिद्धत से जुटेंगे। संचालन अजय मिश्रा तथा आभार तरूण मिश्रा द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गिरधारी पटेल, सरपंच, अनिल तिवारी,अभिमन्यु जैन,यू.एस. दुबे, डॉ.शक्ति सिंह मंडलोई, डॉ गंगाधर त्रिपाठी, मुकेश श्रीवास्तव,प्रशांत मिश्रा , तरुण मिश्रा, मनोज चौरसिया, अजय मिश्रा संजय पांडे, डेनियल पटेल, देवेंद्र कुशवाहा श्रीमती राखी बाजपेई, सुश्री मीनाक्षी लोधी के साथ बडी संख्या में छात्र छात्राओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



नि :शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का गरिमामय आयोजन संपन्न

# 5वीं-8वीं बोर्ड परीक्षा में नया बदलाव

जबलपुर,यशभारत। प्राथमिक कक्षाओं में अध्ययनरत सभी दिव्यांग विद्यार्थियों को परीक्षाओं के दौरान निर्धारित अवधि से 30 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र धनराजू एस ने बताया कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 में वर्णित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं वाले कक्षा 1 से 8 में अध्ययनरत विद्यार्थियों को परीक्षाओं के दौरान और मूल्यांकन में अनेक सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी। इस संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर्स और विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये हैं। संचालक धनराजू एस ने बताया कि दिव्यांग विद्यार्थियों को परीक्षाओं के दौरान दी जाने वाली सुविधाओं में प्रमुख रूप से लेखक उपलब्ध कराया जाना, पृथक से बैठक व्यवस्था कराना, विशिष्ट भाषा से छूट देते हुए द्वितीय भाषा के स्थान पर एक सामान्य भाषा लेकर अध्ययन करने की सुविधा तथा तृतीय भाषा के स्थान पर चित्रकला लेना, मौखिक रूप से पूछे जाने वाले प्रश्नों को लिखित रूप से पूछना, गणित विषय के स्थान पर संगीत लेना, ब्रेललिपि में उत्तर देने की सुविधा तथा प्रत्येक घंटे 20 मिनिट अतिरिक्त समय देना, मूल्यांकन के समय पढ़ने-लिखने के लिये बड़े प्रिंट का उपयोग और विशेष पेन उपयोग की अनुमति शामिल हैं।

# मेडिकल कर्मचारियों ने सौंपा अधिष्ठाता को ज्ञापन



जबलपुर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय जबलपुर के अधिष्ठाता को मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा,जिसमें आयुष्मान योजना का लाभ पैरामेडिकल स्टाफ एवं टेक्नीशियन को देने, टेक्नीशियन एवं ओटी टेक्नीशियन का ग्रेड पे 2400 के स्थान पर 2800 अन्य मेडिकल कालेजों की भांति किया जाए, मेडिकल कॉलेज में पदस्थ समस्त कर्मचारियों/ अधिकारियों का क्क्रह ह्रह्र. जनरेट किए जाने समेत कई मांगे शामिल हैं जिन्हें अतिशीघ्र दूर करने की मांग की गई। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी ,राजू मस्के ,विनोद सिंह , राजेंद्र बट्टी,जीतेन्द्र पांडे,संदीप पाठक ,रमेश उपाध्याय , अमिता झा ,अंशुद्ध कांड्रा,परिशा ठाकुर ,शैलेन्द्र पाटिल ,कृष्णपाल सिंह , नेमा , पटेल , सचिन साहू ,अमित तंतुवाय,अरुण चतुर्वेदी ,संतराम मरावी ,अमित विश्वकर्मा ,,घनश्याम पटेल , विवेक सोनी ,सरदार सिंह ,सुनील अहिरवार ,वैभव पटेल ,नीलम यादव आदि मौजूद रहे।

# आलइंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में दिव्यांश ने जीता स्वर्ण पदक



**जबलपुर।** पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला में विगत 28 से 31 मार्च तक आयोजित आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वूशु स्पर्धा मे मध्यप्रदेश शासन द्वारा एकलव्य अवार्ड से अलंकृत जबलपुर के दिव्यांश मनोज गुप्ता ने लवली फ़ोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर का प्रतिनिधित्व करते हुए विंग चुन इवेंट मे सम्पुर्ण भारत से आये प्रतिद्वंदियो को हराते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है ।उल्लेखनीय है कि दिव्यांश सहित दिव्यांश की बहन कृश्नीका व पिता मनोज गुप्ता तीनों ही विंग चुन इवेंट में इंटरनेशनल गोल्ड मेडलिस्ट हैं।

## स्कूलों में गणवेश बांटना भूला राज्य शिक्षा केंद

मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि स्कूलों में यूनिफार्म इस उद्देश्य के लिए लागू किजाती है कि जिससे सभी बच्चे एक समान दिखे उनमें किसी प्रकार से कोई भेदभाव ना हो और उनमें अमीरी गरीबी, ऊंच-नीच जैसी कोई दुर्भावना उनके मन में उत्पन्न ना हो परंतु राज्य शिक्षा केंद्र ने वर्तमान सत्र की गणवेश स्कूलों में बांटना भूल गई ।जिसके कारण नव प्रवेशी छात्रों को बिना गणवेश के सत्र गुजारना पड़ा है ।संघ ने आगे बताया कि शासकीय स्कूलों में पहले छात्र छात्राओं को गणवेश की राशि प्रदान की जाती थी जिससे वह गणवेश क्रय कर लेते थे परंतु वर्तमान सत्र 20-21 से शासन ने योजना स्वरूप स्व सहायता समूह के माध्यम से स्कूलों में गणवेश बांटना प्रारंभ किया जिसके चलते स्कूलों में सत्र 20-21 की गणवेश 21-22 में प्रदान की गई जिसके कारण नव प्रवेशी छात्र -छात्रों को गणवेश से वंचित होना पड़ा। यही कारण है कि उनका पूरा सत्र बिना गणवेश के बीत गया और यह कहा जा सकता है कि राज्य शिक्षा केंद्र वर्तमान सत्र की गणवेश बांटना ही भूल गई। संघ के रॉबर्ट मार्टिन, स्टेनली नारबट ,दिनेश गौड़ ,शहीर मुमताज ,राकेश श्रीवास, धनराज पिल्ले , सुनील झरिया,उमेश ठाकुर,अफरोज खान, सतीष त्रिपाठी,रवि जैन,नेतराम उइके, पी खनाल,रॉबर्ट फांसिस, गोपी साह, विनोद सिंह, चैतन्य कुसरे, नितिन तिवारी , एनोस विक्टर,अजय मिश्रा ,आसाराम झरिया, आदि में राज्य शिक्षा केंद्र से मांग की है कि वर्तमान सत्र की गणवेश शीघ्र बच्चों को प्रदान कि जाए।

# राजस्थान रॉयल्स लेडीज क्लब ने मनाया गणगौर महोत्सव

**जबलपुर।** राजस्थान रॉयल्स लेडीस क्लब ने कृष्णा होटल में गणगौर उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। राजस्थानी परिवेश में रंग बिरंगे वस्त्रों से भगवान शंकर पार्वती को ईसर और गौरा के रूप में सजाया गया, और श्रद्धा भाव से पूजन भी किया गया द्यसोलह श्रृंगार करके सदस्यों ने राजस्थानी लोक नृत्य घूमर और कालबेलिया का आनंद लिया द्य इस अवसर पर मनोरंजक गेम्स के साथ ही कलश सजाओ प्रतियोगिता एवं मेहंदी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। सर प्राइस गिफ्ट और सम्मान समारोह आयोजित किया गया द्य झरोखों और कठपुतलियों से सजा सेल्फी कॉर्नर आकर्षण का केंद्र रहा इस अवसर पर कार्यक्रम की चीफ गेस्ट श्रीमती बीना अग्रवाल ने सभी को सम्मानित किया द्य कार्यक्रम में कुसुम अग्रवाल, निशी खंडेलिया, अर्चना अग्रवाल, सुल्तानिया, नेहा बाजोरिया, संचिता सेकसरिया आदि की उपस्थिति रही।



## अखिल भारतवर्षीय श्री अयोध्यावासी वैश्य महासभा चुनाव

# राजेश गुप्ता चुने गए अध्यक्ष

**जबलपुर।** सूर्या होटल, सिविल लाइन्स, रायबरेली में अखिल भारतवर्षीय श्री अयोध्या वासी वैश्य महासभा के 33 वें अधिवेशन में महासभा के चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुये, जिसमें उपस्थित निदेशकगणों की सहमति से महासभा के निम्न राष्ट्रीय पदाधिकारी विधिवत निर्वाचित घोषित किये गये । जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में राजेश गुप्ता (जबलपुर-म.प्र.), कार्यकारी अध्यक्ष डी0अजय गुप्ता (लखनक उ.प्र.) वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविन्द आदर्शी (नवादा बिहार, महामन्त्री सुनील गुप्ता (रायबरेली-उप्र),कोषाध्यक्ष. दीप चन्द्र गुप्ता (देहरादून-उत्तराखण्ड) संगठक लवकुश गुप्ता (अंतर्रा-बांदा-35.) अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थलाल वैश्य , राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष-श्रीमती प्रभा गुप्ता बांदा) ,राष्ट्रीय नवयुवक संघ अध्यक्ष मनोज गुप्ता गुड्डू (कानपुर 3-5.) समारोह में उपरोक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गयी।



# मेरी सफलता में संस्कारधानी वासियों का अहम योगदान है : इशिता



इशिता का सम्मान एवं समर्थन में कार्यक्रम

**जबलपुर।** नगर की बेटी इशिता विश्वकर्मा को सोनी टीवी के कार्यक्रम इंडियाज गॉट टैलेंट में भरपूर समर्थन देने के लिए जगत बहादुर सिंह अन्नू ने शहर के नागरिकों जनता से अपील की है। बुधवार को भंवरताल गार्डन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें इशिता की हौसला अफजाई के लिए बड़ी संख्या में कला प्रेमी जन मौजूद रहे। इस दौरान श्री अन्नू ने कहा कि अपने शहर की बेटी के लिए ज्यादा से ज्यादा लोग सोनी लाइव को अपने मोबाइल पर डाउनलोड करें और सभी इशिता के लिए शनिवार और रविवार तक वोट करें ताकि लाखों की संख्या में लोगों का समर्थन मिले और वह जीत सके इससे संस्कारधानी ही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश का नाम देश में रोशन होगा। इसके पहले इशिता के स्वागत के लिए कार्यक्रम स्थल पर ढोल धमाकों के साथ बड़ी संख्या में मां वैष्णो देवी तीर्थ समिति और छोटी नीम परिवार के सदस्य भारी संख्या में पहुंचे और सभी ने इशिता को भरोसा दिलाया और संकल्प लिया कि हमारे जबलपुर की बेटी प्रतिष्ठा पूर्ण कार्यक्रम में विजेता होगी और उनके साथ शहर की लगभग 25 लाख की आबादी साथ है और सभी उनके सफल होने की कामना करते हैं। उल्लेखनीय है कि इशिता इंडियाज गॉट टैलेंट के टॉप टेन में पहुंच चुकी है।तत्पश्चात अपने शहर वासियों के समर्थन के लिए जबलपुर पहुंची है। उनके समर्थन के लिए बड़ी संख्या में लोग निकल रहे हैं और इसी कड़ी में शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने भी इशिता के लिए समर्थन जुटाने बड़ी कवायद की है जिसका असर भी देखने को मिल रहा है। इस मौके पर इशिता ने लोगों के समर्थन को लेकर साधुवाद दिया।

## हज़रत बहादुर अली शाह का 105 वा उर्स

**जबलपुर** । आरिफ बिल्लाह हज़रत बहादुर अली शाह का 105 वा उर्स क मोमिन पुरा दरगाह में जुमेरात से नातिया मुशायरा के साथ आगाज होगा! शेख निज़ामी, सिराज आगाजी, खलील हमज़ा, शकील दिलकश, अक़ील अहमद, बाबू आसिफ हामीदी, इक़बाल न्याज़ी, मंसूर साबरी, न्याज़ वारसी, मुख़्तार नादिर, इजहार आलम रहमानी, नातिया मुशायरा पेश करेंगे। 2 अप्रैल को शाम 4 बजे मजार शरीफ पर महफिल-ए-शमा के साथ कुल शरीफ़ का एहतमाम होगा। तदोपरान्त उर्स शरीफ का समापन होगा। सज्जादानशीन हज़रत इकरार हुसैन ने तमाम अक़ीदतमंदो से शिरकत फरमाने की गुजारिश की है।

# हिन्दू नव संवत्सर 2079 का स्वागत में अ भा कवि सम्मेलन

## हिन्दू उत्सव समिति का आयोजन आज,वंदे मातरम चौक सिविक सेन्टर में

**जबलपुर** ! हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2079 के शुभारंभ पर हिन्दू उत्सव समिति द्वारा 31 मार्च 2022 दिन गुरूवार की रात 7 बजकर 30 मिनट पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का का विराट आयोजन वन्दे मातरम् चौक सिविक सेन्टर जबलपुर मे किया जा रहा है । सनातन धर्म और संस्कृति में हिन्दू नव वर्ष का शुभारंभ अपनी पौराणिक महत्ता को प्रतिपादित करता है इसलिये इस गरिमामय अवसर के शुभारंभ के स्वागत हेतु हिन्दू उत्सव समिति द्वारा वर्ष प्रतिपदा पर यह आयोजन किया जाता है । साल 2020 मार्च माह में देश में कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ जाने के कारण विगत दो वर्ष से यह कवि सम्मेलन स्थगित रहा है ओर आयोजन नहीं हो पाया लेकिन अब कोरोना का प्रकोप कम हो गया है तब हिन्दू समाज की भावना के अनुरूप इस वर्ष यह आयोजन उसी भव्यता एवं गरिमा के साथ किया जा रहा है। उक्त जानकारी हिन्दू उत्सव समिति के संयोजक शरद अग्रवाल ने देते हुये बताया कि इस अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश भर से प्रसिद्ध कवि अपनी अपनी रचनाओ का पाठ करेंगे। देश प्रेम एवं राष्ट्र भक्ति से ओत प्रोत इन कविताओं में वीर रस के साथ साथ हास्य , व्यंग्य, करूण , और श्रृंगार रस का भी श्रोता आनंद उठा सकेंगें । कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय कवि अखिलेश द्विवेदी प्रयागराज से , मधुप श्रीवास्तव नरकंकाल रायबरेली से , रामभदावर इटावा से , महेन्द्र मधुर आष्टा से , नरेन्द्र श्रीवास्तव अटल महेश्वर से ओर पंकज पंडित ललितपुर, शशि परिहार कवयित्री जबलपुर से अपनी अपनी रचनाओं का पाठ करने जबलपुर आ रहे हैं । समूचे कार्यक्रम को आजादी के अमृत महोत्सव के निमित्त समर्पित किया गया है ।इस अवसर पर विभूतियों को सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया है । कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ भारती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर मुख्य अतिथि महाधिवक्ता मध्यप्रदेश प्रशांत सिंह जी द्वारा किया जावेगा ।कार्यक्रम की अध्यक्षता डा प्रदीप दुबे प्रान्त संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा की जावेगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सरदार गुरूदेव सिंह रील गुरूगोविन्द सिंह एजूकेशनल सोसायटी जबलपुर होगें। कार्यकम में उपस्थिति की अपील संयोजक शरद अग्रवाल, अखिलेश दीक्षित ,अंजू भार्गव, संजय गुप्ता, आयोजन मंडल हिन्दू उत्सव समिति के सभी सदस्यों ने की है। इस अवसर पर सफाई दूत (सफाई कर्मी ) शशिकांत राना की पूरी टीम को,आयुष चिकित्सक को कोरोना योद्धा डॉ अहिरवार प्राचार्य आयुर्वेद महाविद्यालय,डॉ मुकेश पांडेय प्रांत उपाध्यक्ष विश्व आयुर्वेद परिषद,डॉ विवेक सिंह ,हिन्दू रक्षक* अपूर्वा राय (पुत्री स्व.राजू राय ),अतुल जेसवानी (हिन्दू सेवा परिषद), योगेश अग्रवाल (हिन्दू धर्मसेना)लता सिंह, सीताराम सेन (नारायणी सेना), अनूप सुखदान (धर्मरक्षा सेना) , अंकित सेन च्माउंटेनमैनज पर्वतारोही,गोलू बर्मन पेंसिल की नोंक में नाम, डॉ के सी जैन दक्षिण अफ्रीका में राम की अलख जगाने वाले,अनूप शुक्ला गौसेवक भानु राजपूत पंडा , प्रसन्न राव सप्रे च्वरिष्ठ प्रचारकज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, कमलेश यादव रंगकर्मी ,संदीप जैन, संजय गोस्वामी नर्मदा परिक्रमा सुश्री प्रिया चौधरी च्बॉक्सिंगज,-एड अरविंद दुबे वॉक एन्ड क्लीन परिवार,संदीप सपन च्राष्ट्रवादी कविज वीरेंद्र सिंह ठाकुर विक्रम अवार्डी,मप्र बॉक्सिंग टेक्निकल डायरेक्टर और खेलो इंडिया के टेक्निकल डायरेक्टर सहित टीम का सम्मान किया जायेगा ।



श्री अखिलेश द्विवेदी (प्रयागराज) · श्री मधुप श्रीवास्तव "नरकंकाल" (रायबरेली) · श्री राम भदावर (इटावा) · श्री नरेन्द्र श्रीवास्तव "अटल" (महेश्वर) · श्री महेन्द्र मधुर (आष्टा) · श्री पंकज "पंडित" (ललितपुर)

## देशभर से आ रहे प्रख्यात कवि करेंगे अपनी ओजमयी वाणी में रचना पाठ

# नर्मदा एक्सप्रेस से उतरते ही जीआरपी ने दबोचा तस्कर

**एक लाख का 7 किलो 800 ग्राम गांजा जप्त**

**जबलपुर यश भारत।** बीती रात मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर नर्मदा एक्सप्रेस से एक गांजा तस्कर को जीआरपी ने इटारसी एंड में घेराबंदी कर दबोच लिया। उसके पास से ट्राली बैग रखा एक लाख रुपए का गांजा जब्त किया। जीआरपी द्वारा थाने लाकर उसके विरूद्ध अग्रिम कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रेल विनायक वर्मा के निर्देशन पर एएसपी प्रतिमा पटेल एवं डीएसपी रविंद्र कुमार गौतम एवं थाना प्रभारी सुनील नेमा के मार्ग निर्देशन में एसआई आकांक्षा सिंह एल पी कश्यप एएसआई प्रीतम सिंह कुलस्ते प्रधान आरक्षक सुशील सिंह ठीक है तुम्हारी मनोज मिश्रा द्वारा की गई। आरोनी नया अंबेडकर वार्ड चंडाल भाटा थाना गोहलपुर का रहने वाला 19 वर्षीय विवेक उर्फ विक्की पितर राजू साकेत है जो बिलासपुर - इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस से जबलपुर पहुंचा था इस मामले की सूचना जैसे ही जीआरपी को लगी आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास रखा हुआ गांजा जप्त करने के बाद धारा 8/20 एनडीपीएस के तहत अग्रिम कार्रवाई की गई/

# गोंडवाना के जनरल कोच में मृत मिला अज्ञात युवक



**जबलपुर यश भारत।** निजामुद्दीन से जबलपुर गोंडवाना एक्सप्रेस के जनरल कोच में आज सुबह एक अज्ञात युवक मृत हालत में मिला इस घटना से सनसनी फैल गई। रेलवे कर्मियों द्वारा दी गई सूचना पर पहुंची जीआरपी ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया। इस घटना के संबंध में जीआरपी ने जानकारी देते हुए बताया कि गोंडवाना एक्सप्रेस आज सुबह प्लेटफार्म नंबर 6~00 पर आकर खड़ी हुई थी गाड़ी खाली होने के बाद जब गाड़ी को यार्ड ले जाने के लिए सफाई कर्मचारी जब कोच को बंद कर रहे थे इसी दौरान उनकी नजर डी/ 3 जनरल कोच के सीट के नीचे पर पड़ी तो युवक मृत हालत में पड़ा हुआ था जीआरपी ने बताया कि मृतक काले रंग का पेंट एवं धारीदार शर्ट पहने हुए हैं उसके पास से नाम निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन का टिकट भी मिला है मृतक कहां का रहने वाला है उसकी मौत किन कारणों से हुई इसकी पतासाजी की जा रही है।

# आज निकलेगी ऐतिहासिक गदा यात्रा

**जबलपुर।** आज हिंदू सेवा परिषद द्वारा प्रति वर्षा इस वर्ष भी संगठन के स्थापना दिवस एवं हिंदू नव संवत्सर 2079 के उपलक्ष में ऐतिहासिक गदा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जो कि संतों की अगुवाई में नौदरा ब्रिज स्थित श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर करमचंद चौक तुलाराम चौक अंधेर देव बड़ा फुहारा मालवीय चौक तीन पत्ती होते हुए मानस भवन में धर्म सभा के रूप में संपन्न होगी। इस यात्रा में 25 फुट का प्रतीकात्मक गदा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा साथ ही ढोल नगाड़े बैंड बाजे एवं दुर्लभ झांकियों के साथ इस यात्रा में लगभग हजारों राम भक्त भगवा झंडो के साथ सम्मिलित होकर हिंदुओं की एकता का परिचय देंगे। हिंदू सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने बताया इस वर्ष की इस यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में श्री ललित अंबारदार जी (राष्ट्रीय विचारक) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमोद मुतालिक (राष्ट्रीय अध्यक्ष राम सेना) कपिल मिश्रा (संस्थापक हिंदू इकोसिस्टम) अभय वर्तक जी (प्रचारक हिंदू जनजागृति समिति) और साथ ही नगर से विशेष आमंत्रित संतों के रूप में जगद्गुरु राघव देवाचार्य, महामंडलेश्वर अखिलेश्वरनंद गिरि महाराज, डॉ. स्वामी मुकुंद दास महाराज, महंत रामदास, डॉ. स्वामी नरसिंह दास, साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी, स्वामी कालिका नंद, आचार्य धीरेंद्र पांडे, ब्रह्मचारी चैतन्यानंद, पगला नंद महाराज आदि धर्म सभा में अपना मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

**अब्दुल रज्जाक के भतीजे दामाद का मामला**

# खाली हाथ लौट रही केरल पुलिस, 1.80 करोड़ रुपए की ऑनलाइन जालसाजी, तुर्की में काट रहे फरारी

*जबलपुर, यशभारत। केरल पुलिस जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर बदमाश अब्दुल रज्जाक की भतीजी और दामाद का आतंकी कनेक्शन की पड़ताल करने जबलपुर पहुंची। केरल स्थित को-ऑपरेटिव बैंक की आईडी व पासवर्ड चुराकर आरोपी ने खुद और पत्नी के खाते में 1.80 करोड़ रुपए ट्रांसफर कर लिए। इस जालसाज दंपती की तलाश में केरल पुलिस जबलपुर पहुंची है। पर पता चला है कि ये दंपती तुर्की में हैं।*



*ओमती थाना प्रभारी एसपीएस बघेल ने बताया कि केरल की क्राइम ब्रांच की टीम इस दंपती की तलाश में जबलपुर पहुंची। दंपती तो नहीं मिले, लेकिन जबलपुर पुलिस के साथ मिलकर इस दंपती की कुंडली खंगालने में केरल पुलिस जुटी है। केरल पुलिस की ओर से एसपी को इस हाईप्रोफाइल मामले की सूचना देने के साथ मदद मांगी गई है। जबलपुर पुलिस ने बताया कि हर संभव मदद की जा रही है।*

**मामले की बारीकी से पड़ताल जारी**

### केरल पुलिस ने ये बताई घटना

केरल क्राइम ब्रांच की टीम ने जबलपुर पुलिस को बताया कि नया मोहल्ला रिपटा निवासी हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक के भाई महमूद की बेटी अजरा निकहत का निकाह साकिब से हुआ है। नया मोहल्ला निवासी साकिब पेशे से साफ्टवेयर इंजीनियर है। वर्ष 2019 में मलप्पुरम जिले में सर्विस को-आपरेटिव बैंक से एक करोड़ 80 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी हुई थी। ये पूरी वारदात बैंक का पासवर्ड चोरी कर अंजाम दिया गया था। केरल की क्राइम ब्रांच को मामले की जांच मिली है।

### बैंक खातों से शातिर दंपती तक पहुंची पुलिस

केरल क्राइम ब्रांच को जांच में पता चला कि ऑनलाइन ठगी की पूरी रकम साकिब और अजरा निकहत के बैंक खातों में ट्रांसफर हुई है। केरल के मलप्पुरम जिले की किरुमगाडी पुलिस ने दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी, चोरी और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। केरल पुलिस को आशंका है कि साइबर ठगी की इस रकम का दुरुपयोग आतंकी फंडिंग के लिए किया जा रहा था। इसकी पुष्टि करने के लिए टीम यहां पहुंची है। जांच में ये भी खुलासा हुआ है कि साकिब साइबर ठगी का अंतरराष्ट्रीय गिरोह चला रहा है।

### तुर्की में हैं जालसाज

केरल पुलिस के जबलपुर पहुंचने के बाद पता चला कि साकिब और उसकी पत्नी अजरा तुर्की में है। साकिब पर अब्दुल रज्जाक आंख मूंद कर भरोसा करता है। उसके तमाम कारोबार वहीं संभालता है। दुबई, तुर्की, सीरिया आदि देशों में रज्जाक के कारोबार उसी ने संभाल रखे हैं। तुर्की में उसकी कॉपर की खदान है। सीरिया में चावल की सप्लाई करता है। मैसूर में चंदन की लकड़ी और रीयल इस्टेट का बिजनेस है। जबलपुर में मार्बल सहित कई तरह की खदान व रेत सहित कोयले का ठेका है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

# जो बिछुड़ों को मिलाएं वह फरिश्ते कहलाएं



जबलपुर यश भारत। रेलवे परिक्षेत्र में मिलने वाले नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए रेलवे द्वारा चलाया जा रहा ऑपरेशन फरिश्ते में तीन नन्हे-मुन्ने बच्चों को गोटेगांव से जबलपुर ट्रेन से घूमने आने पर स्टेशन पर रेल सुरक्षा बल ने अपने संरक्षण में लेकर चाइल्ड लाइन संस्था को सुपुर्द किया।इस संबंध में आरपीएफ कमांडेंट अरुण त्रिपाठी ने बताया कि जबलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर पांच की सीढी पर लावारिस हालत में बैठे हुए तीन बालकों को पुलिस के निरीक्षक आरके चाहर ने देखकर उन्हें सहानुभूति पूर्वक पुलिस पोस्ट में लाया गया। इन बच्चों को बिस्किट तथा चॉकलेट खिलाने के बाद उनसे पूछताछ की गई तो बच्चों ने अपने नाम प्रियांशु सोनी उम्र 13 वर्ष, शुभम ठाकुर उम्र 14 वर्ष तथा विशेष सिलावट उम्र 3 वर्ष में निवासी नयापारा किसानी मोहल्ला गोटेगांव बताया। तीनों बच्चों ने बताया कि वे गोटेगांव से एक ट्रेन में बैठकर जबलपुर घूमने आए थे लेकिन जबलपुर स्टेशन पर उतर कर वह यहां का माहौल देख कर घबरा गए और डर कर सीढ़ियों पर बैठ गए। बच्चों को बाद में चाइल्ड लाइन संस्था के सुपुर्द किया गया तथा उनके परिजनों को बुलाकर उन्हें हिदायत देते हुए बच्चों को वापस देने की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

## महिलाओ सशक्तिकरण को लेकर सिन्धियत आनन्द मेला



जबलपुर यश भारत। चेटीचंड महोत्सव के उपलक्ष्य में सिंधु जागृति महिला सेवा समिति के तत्वावधान में सिन्धियत आनंद मेले का आयोजन सिंधु भवन सिंधी धर्मशाला में आयोजित किया गया।जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओ को सशक्तिकरण ओर रोजगार मिल सके।मेले में व्यंजन, मनोरंजन ओर जादूगर.. लाल द्वारा जादू का प्रदर्शन किया गया।समाज के बच्चों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई।भगवान श्री झूलेलाल जी के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया कार्यकम के अतिथि डॉ,श्रीष जामदार,मालविका भनोट,कांता पेशवानी, मनीषा रोहाणी,श्वेता गोटय,अंजली विंग द्वारा किया गया इस मेले में करिश्मा शर्मा,काजल भगचंदनी, विमला जगवानी,वीनू माखीजा,सपना कंधारी, डॉ लोहाना,सोनम मध्यानी,चांदनी दुसिया, गीत गोगिया,ममता कुकरेजा, पारूल बुध्वनी, सोनिया खत्री,भावना आहूजा,मंजू, भानु बशानि,वीना, किरण कलवानी आदि शामिल हुए। चेटीचंड महोत्सव के अंतर्गत आज मां नर्मदा तट पर ग्वारीघाट में कुंबेश्वरनाथ आश्रम में साय7 :30 बजे पंडित प्रदीप शर्मा द्वारा बहराणा सहीब एवं जल ज्योति की पूजा एवं स्वामी रामदास महाराज स्वामी अशोकानंद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम ,प्रवचन ,आध्यात्मिक माला आदि अनेक रंगारंग कार्यक्रम एवं महाआरती नुत्य ,दीपदान, का आयोजन तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया है। उपस्थिति की अपील विधायक अशोक रोहाणी, राजकुमार कांधारी ,उमेश पारवानी ,पप्पू जय भोले, अजय सुखवानी, हरीश आहूजा, भरत मंगलानी डॉ यशपाल मुल्तानी, रमेश हीरानी त्रिलोक वासवानी, मोतीलाल पारवानी, उदास पारवानी, दिलीप तलरेजा, श्रीचंद्र मध्यानी नं आदि ने की है

# मुख्य कर्मचारी कल्याण निरीक्षकों का सेमीनार मंथन

**जबलपुर यश भारत।** भारतीय रेल के द्वारा भारत के स्वतंत्रता की 75 वर्षगांठ के अवसर पर 12 मार्च से 15 अगस्त 2023 तक आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में महाप्रबंधक कार्यालय में मुख्य कर्मचारी कल्याण निरीक्षकों का सेमीनार मंथन का आयोजन किया गय इस सेमीनार का उद्देश्य कल्याण निरीक्षकों को कार्य के दौरान आने वाली व्यवहारिक कठिनाईयां एवं उनके निवारण है एवं मंडलो पर चल रही कल्याण संबंधी अच्छी गतिविधियों को आपस में सांझा करना है। इसमें पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय सहित तीनो मंडलो एवं दोनो कारखानों के कर्मचारी कल्याण निरीक्षकों नें एवं संबंधित अधिकारियों नें



भाग लिया ।अपर महाप्रबंधक शोभन चौधुरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जलन एवं सरस्वती जी को पुष्प अर्पित करके किया गया। इस सेमीनार में रजनीश जैन, सेवा निवृत प्रोफेसर, मनोविज्ञान महाविद्यालय जबलपुर एवं पंकज राय, पीआरओ, आरडीव्हीव्ही, जबलुपर द्वारा प्रेरक व्याख्यान दिया गया।अपर महाप्रबंधक शोभन चौधुरी एवं प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस.के.अलबेला नें भी सेमीनार को संबोधित किया।सेमीनार का आयोजन प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस.के.अलबेला के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन प्रभात, मुख्य कार्मिक अधिकारी/रश्मि दिवाकर एवं उप मुख्य कार्मिक अधिकारी/कल्याण कुरियाकोस मैथ्यु के विशेष योगदान से किया गया।कार्यक्रम का संचालन सहायक कार्मिक अधिकारी/कल्याण अभय कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संदीप वर्मा मुख्य कार्यालय अधीक्षक/कल्याण एवं मुख्य कर्मचारी कल्याण निरीक्षक प्रदीप पासवान ने सहयोग दिया।

# घाटे के बजट की भरपायी के लिए विश्वविद्यालय बढ़ाए अपनी आय

### विश्वविद्यालय में सभा (कोर्ट) एवं कार्यपरिषद की बैठक

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में बुधवार को सभा (कोर्ट) एवं कार्यपरिषद् की बैठकों में घाटे का बजट प्रस्तुत किया गया। जिसमें माननीय विधायक पाटन श्री अजय विश्नोई जी ने कहा कि विश्वविद्यालय इस घाटे की भरपायी के लिए नए पाठ्यक्रम शुरू करे एवं आवश्यकता के अनुसार 10 से 15 प्रतिशत की फीस वृद्धि की जाये। उन्होंने नई शिक्षा नीति के अनुसार पारम्परिक विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि हमें भविष्य में निजी विश्वविद्यालयों की चुनौतियों का सामना करना है, ऐसे में युगानुकूल शिक्षा एवं तकनीक के प्रयोग पर पारम्परिक विश्वविद्यालय ध्यान केन्द्रित करे। विवि सभा (कोर्ट) की बैठक में माननीय विधायक, नरसिंहपुर श्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के विकास के लिए सदैव बढ़चढकर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के विकास के लिए जो भी सहायता होगी उसके लिए सभी जनप्रतिनिधि सदैव तत्पर हैं। बैठक के आरंभ में माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने दोनों माननीय विधायकों का स्वागत किया और विवि में नवाचारों की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में नई शिक्षा नीति को दृष्टिगत रखते हुए कृषि संकाय को आरंभ किया गया है। भविष्य में इंजीनियरिंग एवं फाईन आर्ट संकाय भी प्रारंभ किये जायेंगे। वर्तमान में छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है और छात्रों का पारम्परिक विषयों में भी रूझान बढ़ा है। कुलसचिव प्रो. बृजेश सिंह ने अतिथियों का वाचिक स्वागत किया एवं वित्त नियंत्रक श्री रोहित सिंह कौशल ने विवि का वर्ष 2022-23 का बजट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कार्यपरिषद् सदस्य प्रो. राकेश बाजपेयी, प्रो. रामशंकर, प्रो. अमित गुप्ता, प्रो. धीरेन्द्र पाठक, क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. लीला भलावी, श्री डी.एस. महोबिया, सुश्री सीमा पटेल, संकायाध्यक्ष प्रो. सुरेन्द्र सिंह, प्रो. एस.एस पाण्डेय, डॉ. नंदिता सरकार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. विवेक मिश्रा, सहायक कुलसचिव मोनाली सुश्री सूर्यवंशी एवं लेखा तथा अकादमिक विभाग के सभी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# ताकि कानूनविदों की कमजोर न हो नजर

### जिला बार एसोसिएशन द्वारा तीन दिवसीय नेत्र शिविर का आयोजन



जबलपुर,यशभारत। जिला बार एसोसिएशनए जबलपुर के तत्वावधान में शंकराचार्य नेत्रालयए झोंतेश्वर के सहयोग से तीन दिवसीय निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके पहले दिन 250 व दूसरे दिन 700 वकीलों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिला बार अध्यक्ष आरके सिंह सैनी व सचिव राजेश तिवारी ने बताया कि डाण् अनुज प्रताप सिंह व आनंद ज्योति पाठक की मौजूदगी में शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के चित्र पर माल्यार्पण के साथ शिविर का शुभारंभ हुआ। जिन वकीलों को चश्मे की आवश्यकता थीए उनको चश्मे का नंबर प्रदान किया गया। भविष्य में जिला बार के माध्यम से चश्मा भी वितरित किए जाने का निर्णय लिया गया। यही नहीं आपरेशन की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। परीक्षण के साथ दवा वितरण भी हुआ। इस दौरान जिला बार उपाध्यक्ष अखिलेश चौबेए महिला उपाध्यक्ष ज्योति रायए कोषाध्यक्ष अजय दुबेए सह सचिव यतेंद्र अवस्थी गुड्डाए पुस्तकालय सचिव अमित कुमार साहूए कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप परसाई बाबाए अर्जुन साहूए राजू बर्मनए रेणुका शुक्लाए वीएन शुक्ला सहित अन्य का सहयोग रहा।

# जलसंकट क्षेत्रों में कराया गया कार्य

जबलपुर। निगमायुक्त के निर्देशानुसार ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए लोगों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े इसके लिए लगातार जलवितरण व्यवस्था के कार्यो की समीक्षा की जा रही है और समीक्षा के दौरान जिन क्षेत्रों में पानी का दबाव कम होने से ठीक ढंग से आपूर्ति नहीं हो पा रही है उन क्षेत्रों में लगातार जल विस्तारीकरण पाइप लाइन की सफाई और मिलान के कार्य भी कराये जा रहे हैं। आज भी अब्दुल हमीद, महाराजा अग्रसेन और सिविल लाइन के उन क्षेत्रों की जॉच की गयी जिन क्षेत्रों में पानी का दबाव कम हो रहा था वहॉ पर जल विभाग के द्वारा कार्य कराया गया।

# पमरे ने 844 थिक वेब स्वीच लगाए

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल संरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से रेलवे ट्रैक को मजबूती प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। अब रेलवे ट्रैक की स्थिरता के लिए कंक्रीट स्लीपर को पटरी के साथ मजबूती प्रदान करने के लिए सामान्य प्वाईन्ट के स्थान पर थिक वेब स्वीच का उपयोग किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम मध्य रेल ने तीव्र गति से कार्य करते हुए वर्ष 2021-22 में फरवरी तक जबलपुर सहित तीनों मंडलों में जबलपुर मंडल में फरवरी माह में 38 थिक वेब स्विच* के साथ कुल 276 थिक वेब स्विच रेल लाईनों में स्थापित किये। इस प्रकार पश्चिम मध्य रेल के तीनों मण्डलों के मुख्य रूटों में कोटा मण्डल पर 395 थिक वेब स्विच, भोपाल मण्डल पर 411 थिक वेब स्विच एवं जबलपुर मण्डल पर 38 थिक वेब



स्विच मुख्य रूटों में तीव्र गति से कार्य करते हुए अभी तक कुल 844 थिक वेब स्वीच स्थापित किया गए।

### यह है थिक वेब स्वीच की प्रमुख विशेषताएं

ट्रैक पर अनुमानित गति 130 कि.मी. प्रति घंटे से बढ़ाकर 160 कि.मी. प्रति घंटे की जा सकती है।

लॉन्ग हॉल मालगाड़ी जैसी भारी गाड़ियों के भार को सहने की अदभुत क्षमता। सामान्य प्वाईन्ट की तुलना में थिकवेब स्वीच की विश्वसनीयता बहुत अधिक है।संरक्षा की द्रष्टि से सामान्य स्विच की तुलना में अधिक सुरक्षित है।इसे नई रेल लाइन की कांक्रीट स्लीपरों पर आसानी से लगाया जा सकता है, जो सुरक्षा की द्रष्टि से महत्वपूर्ण है। सामान्य स्विच की तुलना में थिक वेब स्वीच की लाइफ 3 गुना अधिक होती है, साथ ही साथ इसका रखरखाव बहुत ही कम करना पड़ता है।यात्रियों को आरामदायक यात्रा में और होगी बढ़ोत्तरी क्योंकि ट्रेनों के प्वाईन्ट बदलने के समय नहीं लगेगा झटका जिससे साथ ही रेल यात्रा का सुखद अनुभव प्रदान करेगा/

# अभा रेलवे कुश्ती फ्री स्टाइल पुरुष प्रतियोगिता का आगाज

**जबलपुर,यशभारत। रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड एवं पश्चिम मध्य रेलवे के संयुक्त तत्वावधान में रेलवे स्टेडियम जबलपुर में 62वीं अखिल भारतीय रेलवे फ्री स्टाइल पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता 2021-22 का शुभारंभ पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबन्धक सुधीर कुमार गुप्ता, के मुख्य आतिथ्य एवं श्रीमती संध्या गुप्ता, अध्यक्षा, पश्चिम मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।**



**पमरे महाप्रबन्धक ने किया अर्जुन अवार्डी पहलवानों का सम्मान**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री गुप्ता द्वारा भारतीय रेलवे में कार्यरत ऐसे अर्जुन अवार्डी कुश्ती खिलाड़ियों को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया जिन्होंने रेलवे का नाम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेकर रोशन किया। इनमें प्रमुख रूप से कुलदीप सिंह मलिक/ध्यानचंद अवार्डी, काका पवार/अर्जुन अवॉर्डी, सत्यवान/अर्जुन अवॉर्डी, कृपा शंकर पटेल/अर्जुन अवॉर्डी, राजीव तोमर/अर्जुन अवॉर्डी, सोकेन्दर तोमर/अर्जुन अवॉर्डी, सत्यव्रत/अर्जुन अवार्डी, अनिल मान/ध्यानचंद अवार्डी, सत्यदेव मलिक/कॉम्पटीशन डायरेक्टर जैसे अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर पमरे के अपर महाप्रबन्धक शोभन चौधुरी, डॉ राकेश कुमार गुप्ता, अध्यक्ष/पश्चिम मध्य रेल खेलकूद संघ, सत्यवीर सिंह, पीसीएसटीई, वीके गुप्ता, एसडीजीएम, मुकुल सरन माथुर, पीसीसीएम पीके गुप्ता/पीसीएससी, राजेश पाठक, पीसीओएम, एसएस कालरा/सीपीडी, एनके श्रीवास्तव, एफएएनसीईओ/सी, राजेश अरोरा, सीटीई, नीरज कुमार, सीआरएसई, संजय विश्वास/मंडल रेल प्रबंधक, डॉ आशुतोष गर्ग, महासचिव पमरे खेलकूद संघ, जी एस चावला, कोषाध्यक्ष/पमरे खेलकूद संघ, डी के गुप्ता/अपर मंडल रेल प्रबंधक, सचिन शुक्ला/सचिव महाप्रबंधक, अभिराम खरे मंडल खेलकूद अधिकारी/जबलपुर विशेष रुप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री मधु यादव वरिष्ठ खेलकूद अधिकारी द्वारा किया गया।

### परिणाम इस प्रकार रहे

57 किलोग्राम भारवर्ग में आबा साहेब / मध्य रेलवे प्रथम, अरुण / पूर्व मध्य रेलवे द्वितीय
74 किलोग्राम भार वर्ग में प्रवीण / मध्य रेलवे-प्रथम ,प्रीतम उत्तर रेलवे-द्वितीय
97 किलो भार वर्ग में सत्यव्रत बालियान उत्तर रेलवे-प्रथम ,हरिदर उत्तर रेलवे-द्वितीय स्थान पर रहे।
65 किलोग्राम भार वर्ग में नवीन उत्तर पश्चिम रेलवे-प्रथम ,उत्कर्ष काले / मध्य रेलवे-द्वितीय
86 किलोग्राम भार वर्ग में गौरव बालियान उत्तर पूर्व रेल-प्रथम ,राहुल राठी पश्चिम मध्य रेल-द्वितीय

# आईटीआई पाटन में कैरियअर गाइंडेस की जानकारियां मिली

जबलपुर। बुधवार को आईटीआई पाटन में श्रीमति जयिता गुप्ता, उप प्रादेशिक रोजगार अधिकारी नेशनल कैरियर सर्विस सेंटर फॉर एससी एसटी जबलपुर, भारत सरकार श्रम एंव रोजगार मंत्रालय द्वारा एनसीएस पोर्टल पर छात्र व छात्राओं को पंजीयन के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस पोर्टल पर पंजीयन के पश्चात सभी छात्र व छात्राओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होने में आसानी होगी।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालाघाट**
**ई-टेंडरिग निविदा आमंत्रण**

बालाघाट जिले में नलकूपो के यील्ड टेस्ट हेतु मुहरबंद निविदा प्रपत्र "अ 2.10" (प्रतिशत दर) मे एम.पी. टेण्डर्स पद्धति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आमत्रिंत की जाती है जो कि एम.पी. टेण्डर्स सिस्टम पोर्टल के http://mptenders.gov.in द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार निविदा प्रकिया की जावेंगी।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| ई-टेण्रिग पद्धति कमांक | निविदा कमांक/आमंत्रित दिनांक | कार्य की अनुमानित लागत (राशि रू. लाख में) | धरोहर राशि राशि (अर्नेस्ट मनी) रू. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | निविदा प्रपत्र कय करने की एवं दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | ऑन लाईन खुलने की तिथि | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | | 9 |
| 2022_PHED_193853_1 | 117/28.03.2022 | 91.84 | 91840/- | 10000/- | 6 माह | 19.04.2022 | 21.04.2022 | लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन |

निविदा आमंत्रण सूचना, विस्तृत विवरण एवं Key dates की जानकारी वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

नोट :- 1- सभी इच्छुक ठेकेदार ई-टेंडरिंग पोर्टल (http://mptenders.gov.in) में पंजीयन करायें।

2- " निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनो को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। यह संशोधन केवल http://mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किये जायेगें "

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क केडिट कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाईट पर भुगतान कर केवल ऑन लाईन पर ही कय किये जा सकतें है।

विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

G-24473/21

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
बालाघाट (म.प्र.)
(07632-241131)

# राजधानी में जल्द शुरु होगा 5 जी ट्रायल

## आगामी चार महीने में स्थानों को चिन्हित करेंगी कंपनियां



**भोपाल।** यहां एरियल केबल के जरिए छोटे पाकेट में 5त्र की सुविधा दी जाएगी। देश में स्मार्ट सिटी योजना के तहत विकसित हो रही 100 स्मार्ट सिटी में टेलीकाम कंपनियां जल्द ही 5जी नेटवर्क का ट्रायल शुरु करेंगी। भोपाल से इस पायलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया जाएगा। इसके तहत नगर निगम और स्मार्ट सिटी कंपनी को 5जी से लैस किया जाएगा। भोपाल स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कार्पोरेशन के सीईओ अंकित अस्थाना ने बताया कि देश की सभी स्मार्ट सिटीज में शहर को इस पायलट प्रोजेक्ट के लिए चुना गया है। इस संबंध में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने एयरटेल व वीआई कंपनियों और स्मार्ट सिटी के अफसरों की एक बैठक हुई है। इस बैठक में फैसला लिया गया कि फुटपाथों के किनारे विकसित किए बस स्टाप, लाइट पोल और ट्रैफिक सिग्नल्स का इस्तेमाल 5त्र के इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए किया जाएगा, यहां एरियल केबल के जरिए छोटे पाकेट में 5त्र की सुविधा दी जाएगी।इस येजना में फैसिलेटर का काम करेगी स्मार्ट सिटी गोविंदपुरा स्थित स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड के दफ्तर में हुई बैठक की अध्यक्षता दिल्ली स्थित ट्राई मुख्यालय सलाहकार संजीव शर्मा ने की। भोपाल स्मार्ट सिटी सीईओ अंकित अस्थाना ने बताया कि चार महीने में टेलीकाम कंपनीयां उन स्थानों को चिन्हित करेंगी, जहां 5जी नेटवर्क की सुविधा शुरू की जा सकती है। इसके अनुरूप ही नया इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। स्मार्ट सिटी कंपनी इसमें फैसिलिटेटर का काम करेगी।

इस स्टडी में 5जी नेटवर्क की चुनौतियां भी समझी जाएंगी। इसके अलावा क्या नया किया जा सकता है, ये भी देखा जाएगा। 5जी नेटवर्क से शुरू होने से भोपाल में लगने वाले नए ट्रैफिक सिग्नल कचरा वाहन मानिटरिंग के साथ-साथ नए प्रोजेक्ट में भी फायदा मिलेगा। स्मार्ट सिटी और नगर निगम के आने वाले प्रोजेक्ट को 5जी के अनुरूप ही तैयार किया जाएगा। **-अंकित अस्थाना, सीईओ स्मार्ट सिटी भोपाल**

# 6 अप्रैल को युवा संवाद करेंगे मुख्यमंत्री



## 16 लाख विद्यार्थी जुड़ेंगे

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान छह अप्रैल को युवा संवाद करेंगे। इसमें विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के 16 लाख से ज्यादा युवा प्रत्यक्ष व वर्चुअली जुड़ेंगे। इस दौरान विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया जाएगा। यह जानकारी उच्च शिक्षा मंत्री डा.मोहन यादव ने बुधवार को दी।

उन्होंने बताया कि युवा संवाद कार्यक्रम से प्रदेश के एक हजार 300 से अधिक शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी प्रत्यक्ष और वर्चुअल माध्यम से जुडेंगे। कार्यक्रम भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में होगा। इसके लिए आनलाइन पंजीयन किया जा रहा है। सभी जिला मुख्यालय के राष्ट्रीय सूचना केंद्र और महाविद्यालयों में स्थापित वर्चुअल कक्षाओं से 25 हजार से अधिक विद्यार्थियों से मुख्यमंत्री सीधा संवाद करेंगे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालयों के इनक्यूबेशन सेंटर के माध्यम से स्टार्ट अप को प्रोत्साहित करने के लिए विद्यार्थियों को सीड मनी का वितरण भी होगा।

### दो अप्रैल को मनाया जाएगा उज्जैन का गौरव दिवस

डा. यादव ने बताया कि दो अप्रैल को उज्जैन का गौरव दिवस मनाया जाएगा। इस दिन नौ दिवसीय विक्रमोत्सव का समापन भी होगा। इस समारोह के मुख्य अतिर्थि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान होंगे। शिप्रा नदी तट पर संगीतकार कैलाश खेर अपने बैंड कैलासा के साथ प्रस्तुति देंगे। नव संवत्सर की पूर्व संध्या पर एक अप्रैल को राष्ट्रवादी कवि मनोज मुंतशिर मुंतशिरनामा प्रस्तुत करेंगे। शहीद पार्क में 31 मार्च को राष्ट्रीय कवि सम्मेलन होगा, जिसमें देश के प्रसिद्ध कवि हिस्सा लेंगे। 30 मार्च को महानाट्य जाणता राजा की तर्ज पर रचित महानाट्य विक्रमादित्य का समापन होगा।

# महंगाई भत्ते को लेकर उलझन बरकरार

**नौ दिन बीतने के बाद भी छठवें वेतनमान में महंगाई भत्ता बढ़ाए जाने के आदेश नहीं हुए हैं**



**भोपाल।** शिवराज सरकार ने तो प्रदेश के अधिकारियों-कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 11 प्रतिशत बढ़ा दिया, पर वित्त विभाग ने छठवां वेतनमान प्राप्त कर रहे अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए अभी तक इसके आदेश ही जारी नहीं किए हैं। जबकि, सातवां वेतनमान ले रहे कर्मचारियों के आदेश जारी हो चुके हैं। सरकार ने मार्च के वेतन से बढ़े हुए महंगाई भत्ते का लाभ देने का निर्णय लिया है। इसके लिए विभागों में बिल भी तैयार होने लगे हैं, पर छठवां वेतनमान ले रहे कर्मचारियों को लेकर उलझन बनी हुई है। प्रदेश में अभी तक जब भी महंगाई भत्ते में वृद्धि की जाती है तो वित्त विभाग एक साथ छठवां और सातवां वेतनमान ले रहे अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए एक ही दिन आदेश जारी किए जाते हैं। इस बार वित्त विभाग ने सातवां वेतनमान ले रहे कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बीस से बढ़ाकर 31 प्रतिशत करने का आदेश 21 मार्च को जारी किया। नौ दिन बीतने के बाद भी छठवें वेतनमान में महंगाई भत्ता बढ़ाए जाने के आदेश नहीं हुए हैं। सूत्रों का कहना है कि विभाग में अभी यह गणना की जा रही है कि वृद्धि कितनी होगी। अभी इन्हें 171 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है। इस वेतनमान में मंत्रालय सहित निगम, मंडल और प्राधिकरण के कर्मचारी आते हैं। उधर, पेंशनर की महंगाई राहत भी अभी नहीं बढ़ी है। इन्हें 17 प्रतिशत महंगाई राहत मिल रही है, जो कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की तुलना में पहले से तीन प्रतिशत है। दरअसल, छत्तीसगढ़ सरकार ने अक्टूबर 2021 में पांच प्रतिशत महंगाई राहत बढ़ाने की ही सहमति दी थी। मालूम हो कि महंगाई राहत में वृद्धि के लिए दोनों राज्यों के बीच सहमति होना अनिवार्य है क्योंकि वर्ष 2000 के पहले के पेंशनर की पेंशन और महंगाई राहत का वित्तीय भार 73 प्रतिशत मध्य प्रदेश और 27 प्रतिशत छत्तीसगढ़ को वहन करना होता है। वित्त विभाग ने 11 प्रतिशत महंगाई भत्ते में वृद्धि करने के बाद महंगाई राहत में वृद्धि के लिए सहमति का प्रस्ताव भेजा है।



# मनोज गोविल बनेंगे मध्य प्रदेश के अपर मुख्य सचिव

### डीपीसी में लगी मोहर

**भोपाल ।** प्रदेश में अब 1991 बैच के आइएएस अधिकारियों का अपर मुख्य सचिव बनने का सिलसिला प्रारंभ हो जाएगा। मंत्रालय में बुधवार को मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस की अध्यक्षता में विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक हुई। इसमें सभी अधिकारियों को पदोन्नति के योग्य पाया गया। वरिष्ठता के हिसाब से सबसे पहले वित्त विभाग के प्रमुख सचिव मनोज गोविल पदोन्नत होंगे।सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बैठक में केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ 1989 बैच के अधिकारी अनुराग जैन ने हिस्सा लिया। इसके अलावा अपर मुख्य सचिव वीरा राणा शामिल हुईं। 1991 बैच के अधिकारियों के सर्विस रिकार्ड के आधार पर मनोज गोविल, अशोक बर्णवाल और मनु श्रीवास्तव को पदोन्नति के लिए पात्र पाया गया।अब बैठक की अनुशंसा को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पास अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। बैच में वरिष्ठता के हिसाब से सबसे पहले मनोज गोविल अपर मुख्य सचिव पद पर एक अप्रैल को पदोन्नत होंगे। वे गुरुवार को सेवानिवृत्त होने वाले अपर मुख्य सचिव नर्मदा घाटी विकास आइसीपी केशरी की सेवानिवृत्ति से रिक्त होने वाला स्थान लेंगे। इसके बाद अशोक बर्णवाल और फिर मनु श्रीवास्तव को पद रिक्त होने पर पदोन्नत किया जाएगा।

# 15 अप्रैल के बाद होगी नए जननी एक्सप्रेस और 108 एंबुलेंस की लांचिंग

## एक मई से दौड़ेंगे वाहन



भोपाल । प्रदेश में नए सिरे से जननी एक्सप्रेस और 108 एंबुलेंस वाहनों की लांचिंग 15 से 20 अप्रैल के बीच करने की तैयारी है। करीब 10 दिन में ये वाहन प्रदेश के सभी जिलों में पहुंच जाएंगे। एक मई से यह प्रदेश की सड़कों पर दौड़ने लगेंगे। पहले चरण में 1050 जननी एक्सप्रेस वाहनों में 626 और 1002 एंबुलेंस में से 606 चलने लगेंगी। इसके साथ ही इन वाहनों के जरिए मरीजों के लिए कई सुविधाएं शुरू हो जाएंगी, जो अभी तक नहीं थीं।बता दें कि प्रदेश में अभी 606 एंबुलेंस चल रही हैं, जबकि जननी एक्सप्रेस वाहनों की संख्या 850 है। जननी एक्सप्रेस वाहनों का उपयोग प्रसूताओं को अस्पताल ले जाने और घर पहुंचाने के लिए किया जाता है। इन वाहनों की संख्या पिछले 5 साल में नहीं बढ़ी थी। अब नई कंपनी आने के बाद वाहनों की संख्या बढ़ाने के साथ ही मरीजों के लिए कई सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की प्रदेश इकाई के अधिकारियों ने बताया 108 एंबुलेंस और जननी एक्सप्रेस वाहनों के संचालन का ठेका छत्तीसगढ़ की जय अंबे कंपनी को दिया गया है। कंपनी 01 मई से काम संभालेगी। पहले चरण के बाद बचे हुए जननी एक्सप्रेस और 108 एंबुलेंस का संचालन एक से दो महीने बाद दूसरे चरण में शुरू कर दिया जाएगा।नए वाहनों में लोकेशन आधारित सर्विस रहेगी। यानी कॉल करने वाले की लोकेशन पर एंबुलेंस पहुंच जाएगी। अभी जरूरतमंद को फोन कर अपना पता बताना होता है, इसमें 2 से 3 मिनट बेकार हो जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में एंबुलेंस 25 मिनट में और शहरी क्षेत्र में 18 मिनट में पहुंच जाएंगी। अभी यह समय क्रमशः 30 और 20 मिनट है।

# किसानों को ऋण चुकाने की मिल सकती है मोहलत

**भोपाल ।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से खरीफ सीजन 2021 में ऋण लेने वाले किसानों को इसे चुकाने के लिए सरकार मोहलत दे सकती है। दरअसल, अभी सिर्फ 22 प्रतिशत कर्ज की वसूली हुई है। गेहूं, चना सहित अन्य उपज की बिक्री अब प्रारंभ हो गई है। इससे किसानों के पास राशि की कोई कमी नहीं रहेगी और वे ऋण चुकाने में सक्षम हो जाएंगे। इसे देखते हुए किसानों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से कर्ज अदायगी की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग है। प्रदेश में प्रतिवर्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक साढ़े चार हजार से ज्यादा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को ब्याज रहित अल्पावधि कर्ज उपलब्ध कराते हैं।खरीफ सीजन के कर्ज को 28 मार्च तक चुकाना होता है और इसके बाद पात्र किसानों को रबी सीजन के लिए कर्ज मिल जाता है। यह चक्र लगातार चलता रहता है, लेकिन जो किसान निर्धारित अवधि में ऋण नहीं चुकाते हैं, वे डिफाल्टर हो जाते हैं। सहकारिता विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अभी तक खरीफ 2021 में दिए गए ऋण में से 22 प्रतिशत की ही वसूली हुई है। बैंक कर्ज वसूल करके ही किसानों को आगामी सीजन के लिए ऋण उपलब्ध कराते हैं, इसलिए वसूली बेहद जरूरी है। उधर, सरकार ने डिफाल्टर किसानों के ऊपर चढ़े ब्याज के बोझ को उतारने का निर्णय लिया है। इसे देखते हुए सरकार से मांग की गई है कि खरीफ सीजन का ऋण चुकाने की अंतिम तिथि 28 मार्च को बढ़ा दिया जाए।

### सरकार गेहूं निर्यातकों को देगी सभी आवश्यक सुविधाएं

गेहूं निर्यात प्रोत्साहन के लिए मध्य प्रदेश के गेहूं के निर्यात पर निर्यातकों को मंडी शुल्क की वास्तविक प्रतिपूर्ति करेगी। इसके अलावा प्रदेश में निर्धारित किस्म का गेहूं ग्रेड ए और बी के मानक अनुसार किसानों से खरीदकर निर्यात करने पर क्लीनिंग, ग्रेडिंग, सोर्टिंग में लगने वाले खर्च भी राज्य सरकार उठाएगी। भंडारित अतिरिक्त गेहूं को प्राथमिकता से निर्यात करने के साथ प्रदेश के शासकीय गोदाम निर्यातकों को उपलब्ध करवाने पर भी विचार किया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में मंगलवार को निर्यातकों और भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गेहूं के निर्यात को लेकर हुई बैठक में कही। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा है कि वर्तमान में उच्च निर्यात क्षमता के देशों जैसे इजिप्ट, टर्की, अल्जीरिया, नाइजीरिया, तंजानिया आदि के बाजारों तक भारतीय दूतावास के सहयोग से पहुंच बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।



**भोपाल।** एंटी माफिया अभियान के तहत गुरुवार को विनोबा नगर व बड़ी ग्वालटोली में गुंड़ों के अवैध निर्माणों को तोड़ने की कार्रवाई गुरुवार सुबह 10 बजे निगम की रिमूवल टीम ने शुरू की। सबसे पहले बड़ी ग्वालटोली में एक मंजिला मकान को पोकलेन से तोड़ दिया गया। इसी दौरान निगम की एक अन्य टीम विनोबा नगर में गुंडे के एक मंजिला मकान को तोड़ने के लिए पहुंची।

# गुंडों के मकानों को निगम ने तोड़ना शुरू किया

यहां पर रह रहे किरायेदारों से सामान खाली करवाया गया। मौके पर पलासिया थाने की टीम, थाना प्रभारी संजय सिंह बेस छोटी ग्वालटोली के थाना प्रभारी सविता चौधरी और एसीपी पूर्ति तिवारी भी मौजूद थी।निगम रिमूवल विभाग के 160 कर्मचारी घन हथोड़े लेकर मकान को तोड़ने पहुंचे। मौके पर निगम उपायुक्त लता अग्रवाल, भवन अधिकारी नागेंद्र सिंह भदौरिया पहुंचे। विनोबा नगर में पहली मंजिल पर बने मकान को घन, हथौड़े और ब्रेकर से तोड़ने का काम शुरू हुआ। यहां संकरी गली होने के कारण जेसीबी या पोकलेन नहीं पहुंच सकी। यहां पर करीब पांच से छह परिवार किराए से रहते थे। गौरतलब है कि गुंड़ा अभियान के तहत निगम, जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रुप से कार्रवाई की गई। पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के मुताबिक पार्वती बाई उर्फ चाची पति महेश उर्फ चंगीराम धीमान का परिवार 123 बड़ी ग्वालटोली एवं 550 विनोबा नगर में रहता है। परिवार के सदस्य अपराधिक प्रवृत्ति के है और मादक पदार्थ एवं अवैध शराब का परिवहन एवं विक्रय करते हैं। पार्वती बाई के मकान में पवन धीमान, राजू पिता महेश उर्फ चंगीराम, राजा पिता राजू, शुभम उर्फ बम, पवन धीमान निवासरत है। इनके विरुद्ध पृथक-पृथक 10 से 15 अपराध पंजीबद्ध है और यह पलासिया थाने की गुंडा लिस्ट में शामिल हैं। पार्वती बाई ऊर्फ चाची के बड़ी ग्वालटोली एवं विनोबा नगर में अवैध निर्माण कर बने मकान में रहने वाले बदमाश मादक पदार्थ एवं अवैध शराब का परिवहन, विक्रय एवं अवैध शराब के कारोबार में लिप्त है। सुबह नौ बजे से ही निगम की रिमूवल टीम के अधिकारी व पुलिस बल मौके पर पहुंचा। इसके साथ रिमूवल टीम ने जेसीबी और पोकलेन से अवैध रुप से बने मकानों को तोड़ने की कार्रवाई की।

# सौर ऊर्जा चलित यंत्र से अब कम लागत में होगी उन्नत कृषि

## ट्रैक्टर के लिए सीएनजी इंजन बनाया



**भोपाल।** किसानों की राह आसान करते हुए कृषि को लाभकारी व उन्नत बनाने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल आगे आया है। विज्ञानियों ने सौर ऊर्जा चालित ई-प्राइम मूवर यंत्र विकसित किया है जो कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति ला सकता है। इस यंत्र से किसान बिना ईंधन खर्च किए खेत में निराई, गुड़ाई और दवा का छिड़काव कर सकेंगे। विज्ञानियों ने एक वर्ष के परिश्रम के बाद इसे बनाया है। सीएनजी से चलने वाला विशेष इंजन भी बनाया है जिसे ट्रैक्टर में लगाकर खेती की लागत कम की जा सकती है। एक घंटे में सवा एकड़ में दवा छिड़काव: सौर ऊर्जा चालित ई-प्राइम मूवर के बारे में जानकारी देते हुए विज्ञानियों ने बताया कि यह सौर ऊर्जा से चलित यंत्र है। इस यंत्र से किसान सिर्फ एक घंटे में सवा एकड़ जमीन में दवा का छिड़काव कर सकेंगे। इतनी ही जमीन की जुताई, निराई-गुड़ाई पांच घंटे के अंदर की जा सकेगी, जिसमें ईंधन खर्च नहीं होगा। दावा है कि ऐसा यंत्र बाजार में पहली बार आया है। घर भी कर सकेंगे रोशन: इस यंत्र की बैट्री एक बार चार्ज होने के बाद तीन घंटे तक चलेगी। सौर ऊर्जा से चार्ज हुई बैटरी से किसान घर की बिजली भी जला सकेंगे। यंत्र का उपयोग अनाज को लाने-ले जाने में भी होगा। यह आसानी से दो क्विंटल तक भार ले जा सकेगा। संस्थान के प्रचार-प्रसार प्रमुख डा. मनोज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के देश भर में 105 अभियांत्रिकी संस्थान हैं। संस्थान के विज्ञानियों ने सीएनजी इंजन भी बनाया है जिसे ट्रैक्टर में लगवाने के बाद कम खर्च में खेती के काम किए जा सकेंगे। विज्ञानियों ने डीजल इंजन को सीएनजी इंजन में बदला है। यह चार किलोग्राम सीएनजी में करीब एक घंटे तक ट्रैक्टर को चलाने में सक्षम बनाता है। इसे 35 हार्स पावर के इंजन में फिट किया गया है। किसान ट्रैक्टर के हार्स पावर के हिसाब से सीएनजी इंजन चुन सकते हैं। इसके उपयोग से वातावरण में बढ़ रहे प्रदूषण को रोकने में मदद मिलेगी और खेती की लागत भी घटेगी।

-भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान ने हमेशा से ही किसानों के हित में कदम उठाए हैं। किसानों के लिए खेती लाभ का व्यवसाय बने, इसके लिए हमारे संस्थान द्वारा यह यंत्र विकसित किए गए हैं। उम्मीद है कि सौर ऊर्जा से चलने वाला ई-प्राइम मूवर कृषि के क्षेत्र में एक नई क्रांति लेकर आएगा। डा. मनोज कुमार त्रिपाठी, अध्यक्ष, प्रचार प्रसार समिति, केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल

# रथ पर सवार होंगी देवी, भजनों पर झूमेंगे भक्त

**521 मीटर लंबी विशाल चुनरी यात्रा निकलेगी, सात अप्रैल को चुनरी यात्रा श्याम नगर से कन्याओं के पैर पूजने के बाद माता के जयकारों के साथ चुनरी यात्रा निकाली जाएगी।**



भोपाल। जय मां भवानी सेवा समिति की ओर से चैत्र नवरात्र के पावन-पर्व पर निरंतर छठवें साल सात अप्रैल को 521 मीटर लंबी विशाल चुनरी यात्रा निकलेगी। कोरोना के कारण दो साल बाद चुनरी यात्रा निकालने का कार्यक्रम रखा गया है। समिति के अध्यक्ष कौशल राय एवं संजय दांडे ने बताया कि इस विशाल चुनरी यात्रा में सभी देवी-देवताओं की कृपा बनी रहे, इसलिए सीहोर स्थित चिंतामन गणेश मंदिर पहुंचकर समिति के सदस्यों ने देवों के प्रथम देव भगवान श्री गणेश जी एवं तरावली बैरासिया स्थित अर्ध शक्तिपीठ मंदिर में मां हरसिद्धि देवी और सलकनपुर स्थित मंदिर में मां बिजासन देवी को सपरिवार चुनरी यात्रा में पधारने आमंत्रण पत्र के साथ चुनरी यात्रा भेंट की गई। समिति के पदाधिकारियों की ओर से के मंदिर पर धर्म ध्वज लहालकर कर कोरोना पूरी तरह से मुक्ति दिलाने एवं सर्वजनों के कल्याण की प्रार्थना की गई। देवी का रूप धारण कर रथ पर सवार कन्याएं आकर्षक का केंद्र रहेंगी। चुनरी यात्रा में मातारानी के भक्त नृत्य करेंगे। यात्रा में रथ पर शक्ति स्वरुप देवी का रुप धारण कर कन्याएं सवार होंगी। इन देवी स्वरुप कन्याओं का यात्रा के मार्ग में स्थानीय रहवासी जगह-जगह फूल बरसाकर स्वागत कर कन्याओं का पूजन कर देवी स्वरुप कन्याओं से आशीर्वाद लेंगे। साथ ही देवी को प्रसन्न करने डीजे पर देवी भजनों एवं ढोल की थाप पर भक्तगण नृत्य करते हुए चलेंगे।

### ऐसे निकलेगी चुनरी यात्रा

चुनरी यात्रा श्याम नगर से कन्याओं के दूध से पैर पूजने, पैरों पर अक्षत, फूल और कुंकुम लगाकर माता के जयकारों के साथ प्रारंभ होगी। यात्रा श्याम नगर मस्जिद, राजीव गांधी चौराहा, हबीबगंज थाना, इंदिरा मार्केट, रविशंकर नगर, चार ईमली, ऋषि नगर, कलचुरी भवन, एकांत पार्क, दुर्गा नगर, कोलार कालोनी, चूना भट्टी होते हुए श्री मां कालका बिजासन देवी दरबार पहुंचेगी। यहा समिति के पदाधिकारियों की ओर से कालिका की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर चुनरी भेंट की जाएगी।

# विधायक श्री पटैल द्वारा हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिए ऋण स्वीकृति पत्र वितरित

# जिले के 2259 हितग्राहियों को दिया गया 19.31 करोड़ का हितलाभ

*नरसिंहपुर यभाप्र। स्वरोजगार रोजगार दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विधायक जालम सिंह पटैल के मुख्य आतिथ्य में स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के ऑडिटोरियम में बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में विधायक श्री पटैल ने हितग्राहियों को शासन की योजनाओं के अंतर्गत स्वरोजगार के लिए ऋण वितरण स्वीकृति पत्र सांकेतिक रूप से प्रदान किये। उन्होंने दो युवाओं को ऑफर लेटर भी दिये। स्वरोजगार रोजगार दिवस पर जिले के 2259 हितग्राहियों को 19 करोड़ 31 लाख 69 हजार रूपये के हितलाभ वितरित किये गये। उन्हें ऋण वितरण स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये। शेष हितग्राहियों को संबंधित विभागों के माध्यम से स्वीकृति पत्र भेजे जायेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांकेतिक रूप से हितग्राहियों को चैक, प्रमाण पत्र आदि देकर लाभांवित किया गया।*



कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक श्री पटैल द्वारा कन्या पूजन व दीप प्रज्जवलन से किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित सिंह, सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, सुनील कोठारी, बंटी सलूजा, महाप्रबंधक उद्योग नवीन कुशवाहा, एलडीएम जयदेव विश्वास, प्राचार्य आईटीआई एसआर पाराशर, डीपीएम आजीविका मिशन राजकुमार मालवीय, सीएमओ केव्ही सिंह, अन्य जनप्रतिनिधि, बैंकर्स, अधिकारी और हितग्राही मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन दीपक अग्निहोत्री ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री पटैल ने कहा कि जीवन में रोजगार का विशेष महत्व है। राज्य सरकार ने प्रत्येक माह रोजगार दिवस का आयोजन कर लोगों को रोजगार के अवसर मुहैया कराने का निर्णय लिया है। युवाओं को इस अवसर का लाभ लेना चाहिये। स्वरोजगार के माध्यम से युवा न केवल स्वयं आत्मनिर्भर होंगे, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार मुहैया करा सकेंगे। सरकार की मंशा है कि हर व्यक्ति को रोजगार प्राप्त हो। केन्द्र एवं राज्य सरकार समाज में समानता लाने के लिए कार्य कर रही है। लोगों को मूलभूत सुविधायें मुहैया कराने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। लोगों को पक्के मकान, शौचालय, नि: शुल्क गैस, घर-घर पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क की सुविधा के लिए सरकार लगातार कार्य रही है। उन्होंने स्वामित्व योजना एवं मुख्यमंत्री पथ विक्रेता योजना के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि पथ विक्रेता योजना में छोटे- छोटे रोजगार के लिए पहले 10 हजार रूपये का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाता है। इस ऋण को जमा कर देने के बाद 20 हजार रूपये, फिर 50 हजार रूपये और इसी तरह क्रमश: और अधिक ऋण भी दिया जाता है। लोगों को इस योजना का लाभ लेना चाहिये। कार्यक्रम में श्री पटैल ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के 7 हितग्राहियों, ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह बैंक लिंकेज के 2 हितग्राहियों, ग्रामीण पथ विक्रेता योजना के दो हितग्राहियों, मप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अंतर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के 2 हितग्राहियों, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के पहले चरण में 2 हितग्राहियों एवं स्वरोजगार के लिए 2 हितग्राहियों तथा समूह के बैंक लिंकेज के एक हितग्राही, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के 2 हितग्राहियों व लाड़ली लक्ष्मी योजना के 2 हितग्राहियों को मंच से ऋण वितरण स्वीकृति पत्र प्रदान किये। स्वरोजगार रोजगार दिवस के अवसर पर जिले में 2259 हितग्राहियों को 19 करोड़ 31 लाख 69 हजार रूपये के ऋण वितरण स्वीकृति पत्र वितरित किये गये। इसमें से ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना के 315 हितग्राहियों को 31.50 लाख रूपये व स्वसहायता समूह बैंक लिंकेज के 224 हितग्राहियों को 375 लाख रूपयेए जिला शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के 64 हितग्राहियों को 9.60 लाख रूपये, दीनदयाल अंत्योदय योजना के 23 हितग्राहियों को 33.88 लाख रूपये व समूह बैंक लिंकेज के एक हितग्राही को एक लाख रूपये, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के 2 हितग्राहियों को 20 लाख रूपये, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री सूक्ष्म योजना, खाद्य उद्यम उन्नयन योजना व एक जिला-एक उत्पाद के 4 हितग्राहियों को 66.13 लाख रूपये, मत्स्य पालन केसीसी के 94 हितग्राहियों को 2.82 लाख रूपये, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के 21 हितग्राहियों को 227.97 लाख रूपये व मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के 20 हितग्राहियों को 143.76 लाख रूपये, संस्थागत वित्त के अंतर्गत प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 1306 हितग्राहियों को 1003.35 लाख रूपये, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अंतर्गत डेयरी मध्यकालीन ऋण के एक हितग्राही को 3.96 लाख रूपये, केसीसी योजना के 13 हितग्राहियों को 11.31 लाख रूपयेए पशु पालन केसीसी के 6 हितग्राहियों को 1.41 लाख रूपये के ऋण वितरण स्वीकृति पत्र वितरित किये गये।

इस मौके पर मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में रीवा जिले में स्वरोजगार रोजगार दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री श्री चौहान के उदबोधन का सीधा प्रसारण नरसिंहपुर के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में किया गया, जिसे मौजूद लोगों ने देखा व सुना।

### 6 कम्पनियों द्वारा 302 युवाओं का प्रारंभिक चयन

पीजी कॉलेज परिसर में 6 कम्पनियों द्वारा स्टाल लगाये गये। इन कम्पनियों ने विभिन्न पदों के लिए जिले के 302 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया। यहां वर्धमान यार्न्स मंडीदीप भोपाल, भारतीय हेक्सा जबलपुर, नव भारत फर्टिलाइजर जबलपुर, डीजीएन स्किल ट्रेनिंग, केवीके प्रशिक्षण एवं हेल्थ अनबॉक्स ई कामर्स कम्पनी नरसिंहपुर ने अपने स्टाल लगाये। इसके पूर्व एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस नरसिंहपुर, हेल्थ अनबॉक्स ई कामर्स कम्पनी नरसिंहपुर, कैप्शन कम्पनी, रिलायबल बायोटेक जबलपुर एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से भी युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये गये। कार्यक्रम स्थल पर आजीविका रूरल मार्ट, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला रोजगार कार्यालय व आईटीआई, नगर पालिका आदि द्वारा स्टाल लगाये गये।

## हवाई फायर करने का वीडियो हुआ था वायरल, आरोपी गिरफ्तार

**नरसिंहपुर यभाप्र।** थाना गोटेगांव पुलिस ने देशी पिस्टल से फायर करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया। विगत दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें गोटेगांव क्षेत्र का एक व्यक्ति द्वारा हवा में देशी पिस्टल से फायरिंग करता हुआ दिख रहा था। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव द्वारा मामले को गम्भीरता से लेते हुये उक्त व्यक्ति की तलाश कर कार्यवाही हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील शिवहरेए अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गोटेगांव पुरषोत्तम मरावी के मार्गदर्शन में थाना गोटेगांव पुलिस की टीम गठित कर उक्त सोशल मीडिया में वायरल वीडियो तथा उक्त व्यक्ति की जांच तफ्तीस कर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। गठित की गयी टीम द्वारा मुखबिरों के माध्यम से जानकारी एकत्रित की गयी साथ ही तकनीकी माध्यमों कस भी उपयोग किया गया जिसके परिणाम स्वरूप दिनांक 30 मार्च 2022 को सूचना प्राप्त हुई कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो वाला व्यक्ति बगासपुर वायपास चौराहा के पास में अपनी कमर में पिस्टल रखे खड़ा है, जो सूचना पर बगासपुर बायपास चौराहा के पास से उक्त व्यक्ति जिसका नाम सतीश सिलावट पिता गौरीशंकर सिलावट उम्र 24 वर्ष निवासी नया बाजार गोटेगांव की घेराबंदी की गयी एवं हिकमत अमली के साथ उसे गिरफ्त में लेने में सफलता प्राप्त हुयी आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध देशी पिस्टल बरामद की गयी। आरोपी के पास से अवैध रूप देशी पिस्टल मिलने पर उसके विरूद्ध आयुध अधिनियम वर्ष 1959 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय नरसिहंपुर में पेश किया गया था जो उसे जेल भेज दिया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो जिसमें एक शख्स को अवैध रूप से देशी पिस्टल से फायर करने वाले व्यक्ति की पतासाजी एवं गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक, गोटेगांव कमलेश चौरिया, उनि दिलीप सिंह कार्यवाहक प्रआर. महेन्द्र शुक्ला, कार्यवाहक प्रआर. 7 गजराज सिह, आर. 340 चन्द्रप्रकाश पटले, आर. 168 अखिलेश पटैल की सराहनीय भूमिका रही।

## ग्राम पंचायत खैरीनाका के हितग्राहियों को मिले पक्के मकान

**नरसिंहपुर यभाप्र।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पक्के मकान मिलने से जिले की जनपद पंचायत करेली की ग्राम पंचायत खैरीनाका के गरीब परिवार बहुत प्रसन्न हैं। यहां कमलेश चौधरी, मनोहर यादव एवं श्रीमती दीपिका चौधरी को पक्का मकान मिल चुका है। पक्का मकान मिलने से इन हितग्राहियों के परिजन बहुत खुश हैं। वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद देते हैं। खैरीनाका के कमलेश चौधरी ने बताया कि वे पहले कच्चे मकान में रहते थे। उससे उनके परिवार को विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब प्रधानमंत्री आवास योजना में पक्का मकान मिल जाने से उन्हें परेशानियों से छुटकारा मिल गया है। अब वे बहुत खुश हैं। इसी तरह खैरीनाका के मनोहर यादव कहते हैं कि उनका और उनके परिवारजनों का सपना था कि काश हमारा भी एक पक्का मकान होता। इस सपने को केन्द्र एवं मप्र सरकार ने पूरा कर दिया है। हम सभी बहुत खुश हैं। खैरीनाका की श्रीमती दीपिका चौधरी जब बताती हैं कि उन्हें पक्का मकान मिल गया है, तो उनके चेहरे पर खुशी साफ झलकती है।

## व्यक्तित्व विकास निर्माण में छात्र जीवन महत्वपूर्ण समय

तेंदूखेड़ा यभाप्र। छात्र जीवन ही एक मात्र कच्ची मिट्टी के समान ऐसा समय हुआ करता है कि हम अपने जीवन में जो कुछ सीखते है वही हमारे भविष्य में व्यक्तित्व निर्माण के काम आता है। समाज में जुड़ने का सुनहैरा अवसर मिलने के साथ उन सभी परिवेशों का हमें वास्तविक ज्ञान प्राप्त होता है जो हमारे जीवन में आगे काम आता है। आस्थमूलक कार्यो से लेकर राष्ट्र हित और सेवाभावना अनुशासन आत्मनिर्भर बनने का मौका मिलता है। वहीं हम नवाचार के कुछ नुक्शे भी इन शिविरों के माध्यम से बखूवी सीख पाते है। प्रातः साढे 5 बजे से उठकर प्रभात फेरी योगा व्यायाम के साथ दिनभर की एन.एस.एस. की गतिविधियों को सही तरीके से संपादित कर लेना ही हमारे व्यक्तित्व विकास की नींव में शामिल हो जाता है। उक्त आशय के उदगार नगर परिषद् तेंदूखेड़ा के मुख्य नपा अधिकारी श्रीकांत पाटर द्वारा शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के 7 दिवसीय शिविर के शुभारंभ अवसर पर समीपी ग्राम जैतपुर में व्यक्त किये। ध्वज फैराकर एन.एस.एस. का संदेश गीत तथा फीता काटकर हुए इस शुभारंभ अवसर पर सरस्वती पूजन लक्ष्य गीत के साथ विवेकानंद के आदर्शो को काफी विस्तार से रखा गया। इसके पूर्व कार्यक्रम अधिकारी आदर्श चौधरी द्वारा गतिविधियों पर काफी विस्तार से प्रकाश डालते हुए आने वाले 7 दिनों की गतिविधियों के बारे में काफी विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर उपस्थित संतमोनी महाविद्यालय की एन. एस.एस. अधिकारी अरूणा जैन के द्वारा एन.एस.एस. की परम्पराओं के बारे में भी काफी विस्तार से प्रकाश डालते हुए आठों क्लिप के माध्यम से 240 घंटे सेवाओं के बारे में काफी विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। ग्राम पंचायत के सचिव मूलचंद्र पटैल द्वारा ग्राम में आयोजित किये जा रहे इस शिविर की प्रशंसा करते हुए यथायोग्य सहयोग दिये जाने का भरोसा दिलाया। तथा पूर्व में एन.एस.एस. के स्वयं सेवक रह चुके कुलदीप बाजपेयी द्वारा गतिविधियों के बारे में प्रकाश डालते हुए अनुशासन ड्रेस कोड सहित विभिन्न गतिविधियों द्वारा अनुभवों के बारे में अपनी बात सभी के बीच शेयर की।

## धूमधाम से मनाई गई माँ कर्मा देवी जयंती समारोह सम्पन्न



**नरसिंहपुर यभाप्र।** भक्त शिरोमणि माँ कर्मा देवी जयंती समारोह विगत दिवस सम्पन्न हुआ जिसमें प्रात: काल मे समस्त साहू समाज के बंधुओं ने विशाल वहां रैली निकाली। दोपहर में 2 बजे बच्चों ने मेहंदी, रांगोली, पेंटिंग्स प्रतियोगिताओं में भाग लिया। नारायण प्रसाद साहू मां कर्मा देवी जी चरित्र का व्याख्यान सुनाया। तदुपरांत साहू समाज के विशिष्ट सामाजिक सेवियों को मंचासीन कराया क्रमश: सेठ श्याम लाल साहू नारायण प्रसाद साहू टीका राम साहू पटेल मनोहर लाल साहू, नरेंद्र साहू व पूर्व अध्यक्षों का स्वागत सम्मान क्रमश: चौधरी राजेश साहू हरिओम साहू मनीष साहू एड. कैलाश साहू, केके साहू सभी का सम्मान अध्यक्ष सुभाष साहू सहित कार्यकारिणी, नवीन युवा टीम के द्वारा किया गया ।स्वागत की श्रृंखला में डॉक्टर प्रो.के एल साहू का रिटायरमेंट होने पर मंचासीन अतिथियों के द्वारा फूल माला शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया ।वहीं सेठ श्यामलाल उनके पुत्र सुधीर, संजय साहू को भामाशाह पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की दौरान सेठ मनोहरलाल साहू ने साहू समाज को संबोधित करते हुए माँ कर्मा के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा की हम सबको माँ कर्मा से प्रेरणा लेते हुए समाज के उत्थान के लिए आगे आना चाहिए परंतु अब समय आ गया है कि हमे अपने स्वजातीय बंधुओं कि पुरजोर सहयोग व मदद करना होगीए ताकि वे सभी क्षेत्रों में सफल हो सकें। माँ कर्मा ने अपनी ईश्वर भक्ति के बल से समाज बंधुओं पर आई बिपदा को दूर किया। आज हम उनके बराबर भक्त तो नही है लेकिन हमारे पास उपलब्ध शक्तियों के बल से समाज का भला तो कर सकते है। उद्धबोधन श्रृंखला में चौ. राजेश साहू व श्रीमती सुमन नरेन्द्र साहू ने भी समाज को उद्धबोधित किया । जयंती समारोह में 10वी 12वी एवं स्नातक के मेधावी छात्र.छात्राओं का सम्मान संगीता कृष्ण कुमार, आदर्श अरविंद टीनू राधेश्याम 12वीं खुशी विनोद साहू, रिशिका गंगाराम, दीक्षा मोहनलाल एवं मेहंदी जय राजू साहू, तनीषा कमलेश, साक्षी पहलाद रंगोली सृष्टि नेतराम साहू, अदिति राजकुमार, परी धनीराम पेंटिंग शुभी संदीप साहू, विनायकी मधुसूदन सक्षम अवध सहित अन्य प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में बच्चों को स्व. सावित्री देवी की स्मृति में सेठ श्यामलाल साहू एसुधीर साहू ने स्मृति चिन्ह, स्व. अशोक साहू की स्मृति में तुला दाल मिल से सुभाष साहू एवं राहुल साहू ने एक एक गिप्ट भेंट तथा कर्मा सखी संगठन ने सभी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया । सभी युवाओं वर्ग ने विभिन्न क्षेत्रों पी एस सी मे विशेष उपलब्धि जिसमें डॉ श्रीमती नमिता श्रवण साहू असिस्टेंट प्रोफेसर राजगढ़, पार्थ सारथी हरिराम साहू, कुमारी रिचा मोहन बाबू साहू गाडरवाड़ा का सम्मान तथा निशुल्क फोटो वीडियोग्राफी के धुबघट निवासी विनोद साहू का मंचसीन अतिथियों के द्वारा किया गया। भोजन व्यवस्था में विशेष रूप से संजय जमना प्रसाद साहू का योगदान रहा । विशिष्ट युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का संम्मान अध्यक्ष माँ कर्मा देवी आयोजन समिति के अध्यक्ष सुभाष साहू ने पत्रकार मनीष बंटी साहू, मयंक मनोहर साहू, महेश साहू टेंट, ओम प्रकाश साहू, सोनू साहू, सुमित साहू, निखिल साहू, जितेंद्र साहू अंकित साहू, रोहित साहू, उज्जवल साहू, विवेक साहू , शरद साहू संतोष साहू लकी साहू, कमलेश्वर साहू, धनीराम साहू को गिप्ट सप्रेम भेंट सहित सम्मान किया ।मंच संचालन नारायण साहू मासाब एडॉक्टर प्रो के एल साहू व मयंक मनोहर साहू ने आभार प्रदर्शन किया कहा कि जिस तरह इस वर्ष साहू समाज ने समिति का सहयोग किया हैए आशा है इसी तरह आने वाली नवीन समिति को भी इसी तरह का सहयोग प्राप्त होता रहेगा।

## 19 दुकान विहीन ग्राम पंचायतों में नवीन उचित मूल्य दुकान आवंटन ऑनलाइन होगा

**नरसिंहपुर यभाप्र।** मप्र खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार अनुविभाग गाडरवारा के अंतर्गत विकासखंड सांईखेड़ा एवं चीचली में 19 दुकान विहीन ग्राम पंचायतों में नवीन उचित मूल्य दुकान आवंटन के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया जारी है। विकासखंड सांईखेड़ा की 6 एवं चीचली की 13 दुकान विहीन ग्राम पंचायतों में नवीन उचित मूल्य दुकान का आवंटन होना है। इन उचित मूल्य दुकान विहीन ग्राम पंचायतों के लिए पात्र संस्थायें 9 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन पोर्टल सकती हैं। इस सिलसिले में विकासखंड सांईखेड़ा के अंतर्गत दुकान विहीन ग्राम पंचायत खिरैटी, बनखेड़ी, दहलवाड़ा, धनौरा, सुपारी एवं मेहरागांव और विकासखंड चीचली के अंतर्गत दुकान विहीन ग्राम पंचायत चोरबरहेटा, टिकटोली, माल्हनबाड़ा, टेकापार, मऊ, मोहपानी, मारेगांव, छैनाकछार नरसरा, इमलिया कल्याणपुर, कनवास, बटेसरा एवं ढुरसुरू के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

### पोषण पखवाड़ा 4 अप्रैल तक

**नरसिंहपुर यभाप्र।** राज्य शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले में 21 मार्च से पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा हैए जो 4 अप्रैल तक चलेगा। पोषण पखवाड़ा के दौरान विभिन्न विभागों के समन्वय से विभिन्न स्तरों पर पोषण संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने विभाग के सभी परियोजना अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार पोषण पखवाड़ा की गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिये हैं।

## उत्कृष्ट प्रस्तुतिकरण पर कलेक्टर ने शिक्षकों को दी बधाई

नरसिंहपुर यभाप्र। राज्य स्तरीय शिक्षण सहायक सामग्री टीएलएम प्रदर्शनी सह मेले का आयोजन भोपाल में किया गया। इसमें कबाड़ से जुगाड़ कर विज्ञान के विषयों की शिक्षण सहायक सामग्री के उत्कृष्ट मॉडल प्रदर्शित करने पर जिले के दो शिक्षकों के मॉडल राज्य स्तर पर पुरस्कृत किये गये। राज्य स्तर पर शिक्षक शिवकुमार पटैल को द्वितीय एवं माध्यमिक शिक्षक श्री देवेन्द्र सिंह लोधी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जिले के शिक्षकों के शिक्षण सहायक सामग्री. टीएलएम के मॉडलों के उत्कृष्ट प्रस्तुतिकरण पर कलेक्टर रोहित सिंह ने इन शिक्षकों एवं सहयोगी टीम को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि जिले के नरसिंहपुर विकासखंड की माध्यमिक शाला मगरधा के माध्यमिक शिक्षक देवेन्द्र सिंह लोधी ने स्थिर विद्युत प्रेरण द्वारा आवेश स्थानांतरण की तड़ित चालक की क्रियाविधि में विद्युत धारा के रासायनिक प्रभाव संबंधी अवधारणाओं का प्रदर्शन किया।

## माँ कर्मा जयंती हर्षोल्लास से मनाई



**बरगी।** ग्राम बरगी में साहू समाज के द्वारा कर्मा जयंती ब? ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, कार्यक्रम के शुभारंभ में साहू समाज के प्रदेशाध्यक्ष रविकिरण साहू द्वारा हेलीकाप्टर द्वारा माँ नर्मदा का जल कलश में एवम माता कर्मा की पालकी साथ मे लायी गयी एवम पूरे ग्राम का हेलीकाप्टर से भ्रमण करते हुए मंदिर पर पुष्प वर्षा की गई, तदुपरांत कार्यक्रम स्थल पर मुख्य अथिति बरगी विधायक संजय यादव ,शिव पटेल, महंत दयानद गिरी,सरपंच संतोष सिंह परिहार नीरज सिंह, आरती साहू व समाज के प्रमुख लोगो का स्वागत , भोला साहू, हरि साहू, प्रेमी साहू, कृश्णा साहू, ,रज्जन साहू महेंद्र साहू आदि के द्वारा किया गया , माँ कर्मा जयंती । ।इस अवसर पर समाज के बच्चो द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए । कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट अर्जुन साहू के द्वारा किया गया ।

### पूर्व मंत्री सचिन यादव किया स्वागत

कांग्रेस सरकार में कृषि मंत्री रहे व विधायक संजय यादव का आज जबलपुर व्यक्तिगत कार्यक्रमो में जाते समय जगह जगह स्वागत किया गया ,उनके जबलपुर जाते समय ग्राम मंगेला में बबलू सिंह राजपूत के नेतृत्व में अभिषेक सिंह, तारण सिंह सुकरी में गेंदलाल डहेरिया,गोविंद पटेल, बंटू जायसवाल, सतीश पटेल, कलाम खान, शिवकुमार, बेनी आर्मो, तरु बंसका र ने किया जहाँ सचिन यादव ने विजय सिंह के मकान का उदघाटन कर ग्रह प्रवेश कराया , वही बरगी में किसान मोर्चा के अध्यक्ष संतोष चौकसे, ब्लॉक उपाध्यक्ष इंद्रकुमार पटेल, शानू यादव, पंकज परस्ते, ईस्वर गिरी, विक्की यादव ने किया । इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महंत दयानंद गिरी , जनपद पंचायत जबलपुर के उपाध्यक्ष सुखलाल यादव, दुर्गाशंकर पांडेय , व कांग्रेस की जिला महामंत्री विकास खन्ना भी साथ मे रहे ,।।

## राज्य स्तर पर जिले को गौरवान्वित करने वाले नवाचारी शिक्षकों का सम्मान



### एक विषय में जिले को दो पुरुस्कार मिलना गौरवपूर्ण

**नरसिंहपुर यभाप्र।** भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय टी एल एम प्रदर्शनी सह मेले में जिले के विकासखंड नरसिंहपुर की माध्यमिक शाला मगरधा से माध्यमिक शिक्षक देवेंद्र सिंह लोधी द्वारा स्थिर विधुत, प्रेरण द्वारा आवेश का स्थानांतरण तड़ित चालक की क्रिया विधि विद्युत धारा का रासायनिक प्रभाव से संबंधित विभिन्न अवधारणाओं का प्रदर्शन एवं स्पष्टीकरण व विकासखंड करेली से माध्यमिक शिक्षक शिव कुमार पटेल द्वारा प्रकाश की समस्त प्रकार की घटनाओं का अध्ययन, प्रदर्शन एवं पुष्टिकरण पर शून्य नवाचार कबाड़ से जुगाड़ कर विज्ञान विषय पर आधारित टीएलएम सामग्री का अवधारणा सहित उत्कृष्ट प्रस्तुतीकरण करने पर विज्ञान विषय में राज्य स्तर पर द्वतीय स्थान प्राप्त करने पर कलेक्टर रोहित सिंह ने बधाई दी। डाइट में शिक्षा विभाग के अमले द्वारा गौरवपूर्ण उपलब्धि पर आयोजित कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती जे एस विल्सन, जिला परियोजना अधिकारी एसके कोष्ठी, डाइट से वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती नव्या गिरदौनिया, संजय शर्मा, डीके सेन, शैलेश वर्मा एबी ए सी यजुवेंद्सिलावट द्वारा राज्य स्तर पर जिले का परचम फहराने वाले शिक्षक साथियों का तिलक पुष्पमाला व शाल श्रीफल से मां सरस्वती की छत्रछाया में हर्ष और उत्साह के साथ सम्मान किया गया एवं बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। । जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती जे एस विल्सन ने शिक्षक साथियों को बधाई देते हुए कहां की स्कूल समय के बाद भी आपने जो अतिरिक्त समय निकालकर मेहनत कर राज्य स्तर पर सफलता प्राप्त की है जिससे आज हम सभी गौरवान्वित हैं। प्रभारी विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कटारे, जिला सांख्यिकी अधिकारी जी के नायक, ए डी पीसी रमसा जी एस पटेल, एपीसी योगेश गुप्ता धीरज पटेरिया एमआईएस शरद यादव बीआरसी रवि शंकर ठाकुर एबी ए सी नीरज बाजपेई बृजेश नेमा प्रधान पाठक विनोद ठाकुर व शिक्षा चेतना सहित शिक्षक संवर्ग द्वारा बधाइयां प्रेषित की गई। उक्त अवसर पर दीपक श्रीवास्तव, राजा नामदेव, संजय सोनी, विपिन पांडे, अतुल शर्मा, अरुण दीक्षित भी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन व साथियों का नवाचारी शिक्षकों द्वारा आभार प्रकट किया गया।




# टेस्ट रैंकिंग में जडेजा फिर नंबर वन ऑलराउंडर



| RANK | | | PLAYER | RATING |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | (-) | PAT CUMMINS | 901 |
| 2 | | (-) | R ASHWIN | 850 |
| 3 | | (-) | KAGISO RABADA | 835 |
| 4 | | (-) | JASPRIT BUMRAH | 830 |
| 5 | ▲ | (+1) | SHAHEEN AFRIDI | 827 |
| 6 | ▼ | (-1) | KYLE JAMIESON | 820 |
| 7 | | (-) | TIM SOUTHEE | 790 |
| 8 | | (-) | NEIL WAGNER | 777 |
| 9 | | (-) | JAMES ANDERSON | 765 |
| 10 | | (-) | JOSH HAZLEWOOD | 752 |

MEN'S TEST RANKINGS: BOWLING — ICC

## विराट टॉप-10 से बाहर होने की कगार पर

आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली दसवें स्थान पर खिसक गए हैं। वहीं रवींद्र जडेजा फिर से दुनिया के नंबर एक ऑलराउंडर बन गए हैं। रविचंद्रन अश्विन जडेजा के बाद दूसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को आईसीसी रैंकिंग में भी फायदा हुआ है। मार्नस लाबुशेन पहले स्थान पर बने हुए हैं, वहीं स्टीव स्मिथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वनडे रैंकिंग में विराट कोहली दूसरे स्थान पर मौजूद हैं। सबसे ज्यादा फायदा उस्मान ख्वाजा को हुआ है, जिन्होंने 2022 में 100 से ज्यादा के औसत से रन बनाए हैं। वो अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्हें छह पायदान का फायदा हुआ है और वो रोहित-विराट को पीछे छोड़ चुके हैं।

### टॉप 10 में ऑस्ट्रेलिया के चार बल्लेबाज शामिल

टेस्ट में बल्लेबाजों की रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के चार बल्लेबाज टॉप 10 में शामिल हैं। मार्नस लाबुशेन पहले और स्टीव स्मिथ दूसरे स्थान पर हैं। वहीं उस्मान ख्वाजा सातवें और ट्रेविस हेड नौवें पायदान पर हैं। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन तीसरे और इंग्लैंड के जो रूट चौथे पायदान पर हैं। बाबर आजम पांचवें और दिमुथ करुणारत्ने छठें स्थान पर हैं। भारत के विराट कोहली शुरुआती 10 बल्लेबाजों से बाहर होने की कगार पर हैं। वो दसवें पायदान पर आ चुके हैं। वहीं रोहित शर्मा आठवें स्थान पर हैं।

### गेंदबाजों में अश्विन दूसरे नंबर पर

गेंदबाजों की रैंकिंग में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस पहले पायदान पर बने हुए हैं। वहीं अश्विन दूसरे और रबाड़ा तीसरे स्थान पर हैं। जसप्रीत बुमराह भी चौथे स्थान पर बने हुए हैं। पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी के एक स्थान का फायदा हुआ है और वो पांचवें पायदान पर आ चुके हैं। वहीं काइल जेमीसन एक स्थान के नुकसान के साथ छठें पायदान पर आ चुके हैं। टीम साउदी सातवें, नील वैगनर आठवें जेम्स एंडरसन नौवें और जोश हेजलवुड दसवें स्थान पर हैं।

### वनडे रैंकिंग में विराट-रोहित टॉप पांच में

वनडे में बल्लेबाजों की रैंकिंग में ज्यादा बदलाव नहीं हुए हैं। बाबर आजम पहले विराट कोहली दूसरे और रॉस टेलर तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। रोहित शर्मा को एक स्थान का फायदा हुआ है और वो चौथे नबंर पर आ चुके हैं। क्विंटन डिकॉक एक स्थान के नुकसान के साथ पांचवें पायदान पर पहुंच गए हैं। जॉनी बेयरस्टो छठें एरोन फिंच सातवें डुसेन आठवें वार्नर नौवें और इमाम उल हक दसवें पायदान पर हैं।

### वनडे में ट्रेंट बोल्ट नंबर बन गेंदबाज

वनडे में गेंदबाजों की रैंकिंग में शुरुआती सात स्थानों पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। हालांकि बांग्लादेश के शाकिब अल हसन को चार स्थान का फायदा हुआ है और वो आठवें स्थान पर आ चुके हैं। अफगानिस्तान के राशिद खान भी एक स्थान ऊपर उठकर संयुक्त रूप से नौवें नंबर पर आ गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के एडम जैम्पा भी नौवें स्थान पर मौजूद हैं।




# सिराज और हसरंगा पर चढ़ा फुटबॉल फीवर

आईपीएल 2022 के छठे मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को तीन विकेट से हरा दिया। इस लो स्कोरिंग मैच में कई रोमांचक पल देखने को मिले। लक्ष्य कम होने के बावजूद कोलकाता के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और एक वक्त बैंगलोर को बैकफुट पर धकेल दिया था। हालांकि, आखिर में शेरफेन रदरफोर्ड, शाहबाज अहमद और दिनेश कार्तिक के कमाल ने आरसीबी को जीत दिलाई। हम आपको मैच के कुछ रोमांचक पलों के बारे में बता रहे हैं...

### अजिंक्य रहाणे और वेंकटेश अय्यर

कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए वेंकटेश अय्यर और अजिंक्य रहाणे ने ओपनिंग की, लेकिन टीम की शुरुआत खराब रही। 14 पर केकेआर को पहला झटका लगा।

### आरसीबी को पहली सफलता तेज गेंदबाज

आकाश दीप ने दिलाई। उन्होंने पारी के तीसरे ओवर में वेंकटेश अय्यर को आउट कर दिया। अय्यर 14 गेंद पर 10 रन बनाकर आकाश को ही कैच थमा बैठे।उन्होंने एक चौका लगाया। इसके बाद आकाश दीप ने दो और विकेट लिए। उन्होंने नीतीश राणा (10) और उमेश यादव (18) को भी पवेलियन भेजा।

### मोहम्मद सिराज और क्रिस्टियानो रोनाल्डो



पांचवें ओवर में कोलकाता नाइट राइडर्स को दूसरा झटका लगा। इस ओवर की आखिरी गेंद पर मोहम्मद सिराज ने अजिंक्य रहाणे को पवेलियन भेजा। रहाणे 10 गेंदों पर नौ रन बनाकर आउट हुए। रहाणे को आउट करने के बाद सिराज ने पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो स्टाइल में जश्न मनाया।

### हसरंगा को बधाई देते साथी खिलाड़ी

मिडिल ओवर में श्रीलंका के मिस्ट्री स्पिनर वानिंदु हसरंगा का जादू देखने को मिला। उन्हें आरसीबी ने 10.75 करोड़ रुपये में खरीदा था और उन्होंने अपनी उपयोगिता साबित की। सातवें ओवर में हसरंगा ने सबसे पहले कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर को पवेलियन भेजा। वे 10 गेंदों पर 13 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें वानिंदु हसरंगा ने डुप्लेसिस के हाथों कैच कराया।इसके बाद नौवें ओवर में हसरंगा ने आखिरी दो गेंदों पर दो विकेट झटके। उन्होंने पहले सुनील नरेन को आकाश दीप के हाथों कैच कराया। वे आठ गेंदों पर 12 रन बना सके। वहीं, अगली ही गेंद पर शेल्डन जैक्सन को आउट किया। हसरंगा हैट्रिक से चूक गए। इसके बाद हसरंगा ने टिम साउदी को भी पवेलियन भेजा। श्रीलंका का इस मिस्ट्री स्पिनर ने चार ओवर में 20 रन देकर चार विकेट झटके।केकेआर के विस्फोटक बल्लेबाज आंद्रे रसेल ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 18 गेंदों पर एक चौका और तीन छक्के की मदद से 25 रन की पारी खेली। हर्षल पटेल ने रसेल को आउट किया। केकेआर ने 101 रन के स्कोर पर नौ विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद उमेश यादव और वरुण चक्रवर्ती ने आखिरी विकेट के लिए 26 गेंदों में 27 रन जोड़कर कोलकाता को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। इस साझेदारी को आकाश दीप ने उमेश (18) को आउट कर तोड़ा।

# चेन्नई के खिलाफ पहली जीत की तलाश में उतरेगी लखनऊ

## दोनों ही टीमें को पहले मैच में मिली थी हार



आईपीएल 2022 के सातवें मैच में आज चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) की टीम आमने-सामने होगी। चेन्नई और लखनऊ को इस सीजन अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। हार की बड़ी वजह दोनों टीमों के शीर्ष क्रम का असफल होना था। आज जब दोनों टीमें ब्रेबोर्न स्टेडियम में आमने-सामने होंगी तो दोनों की निगाह पहली जीत के साथ टूर्नामेंट में अपना खाता खोलने की होगी। यह मैच मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। लखनऊ की टीम इस आईपीएल में नई है। पिछली बार की चैंपियन सीएसके के सामने उनका असली टेस्ट होगा।चेन्नई और लखनऊ दोनों को वानखेड़े स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करने के बाद मैच गंवाना पड़ा था। ब्रेबोर्न स्टेडियम में भी दूसरी पारी के दौरान ओस काफी प्रभाव डाल सकती है। ऐसे में दोनों की कोशिश टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने पर रहेगी।चेन्नई को अपने पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। टीम 20 ओवर में बस 131 रन ही बना पाई थी। वहीं, लखनऊ सुपर जाएंट्स को गुजरात टाइटंस ने पांच विकेट से हराया था।

### लखनऊ सुपर जाएंट्स बनाम चेन्नई सुपरकिंग्स

लखनऊ के कप्तान केएल राहुल और स्टार सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक पहले मैच में नहीं चल पाए। लखनऊ को आईपीएल में पहली जीत हासिल करने के लिए इन दोनों का जल्द से जल्द फॉर्म आना बेहद जरूरी है।

# 'केजीएफ 2' से पहले धमाल मचा चुकी हैं फिल्में



केजीएफ चैप्टर 2 साल 2022 की मोस्ट अवेडिट फिल्मों में से एक है। इस फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर आ चुका है, जिसमें यश के धांसू अंदाज ने एक बार फिर फैंस को उनका दीवाना बना दिया है। इस फिल्म में संजय दत्त %अधीरा% के किरदार में हैं, जिनकी यश (रॉकी भाई) के साथ जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिलेगी। ये फिल्म यकीनन बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएगी। लेकिन इससे पहले भी यश ने साउथ इंडस्ट्री में कई फिल्में दी हैं, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है। खास बात ये है कि इन फिल्मों को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आसानी से देख सकते हैं। आइए आपको यश की टॉप पांच फिल्मों के नाम बताते हैं। मिस्टर एंड मिसेस रामचारी साल 2014 में रिलीज हुई थी, जिसमें यश अपनी पत्नी राधिका पंडित के साथ नजर आए थे। ये फिल्म एक कॉलेज लाइफ पर आधारित है, जिसमें यश और राधिका ने कॉलेज स्टूडेंट बनकर फैंस का दिल जीत लिया था। फिल्म में दोनों की क्यूट लव स्टोरी थी। यह फिल्म आप यू-ट्यूब पर आसानी से देख सकते हैं। एक्शन स्टार होने से पहले अभिनेता यश की छवि एक रोमांटिक हीरो की हुआ करती थी। उन्होंने कई रोमांटिक फिल्मों में काम किया है, जिसमें गूगली भी शामिल है। इस फिल्म में यश के साथ कृति खरबंदा नजर आई थीं। फिल्म में यश एक बिजनेसमैन की भूमिका में होते हैं, जिसे कृति खरबंदा से प्यार हो जाता है। दोनों की मुलाकात एक सेमिनार में होती है। अब दोनों की लव स्टोरी आगे कैसे बढ़ती है ये आप फिल्म देखकर पता लगा सकते हैं। ये फिल्म जी 5 और यू-ट्यूब दोनों पर मौजूद है। साल 2015 में रिलीज हुई मास्टरपीस एक एक्शन फिल्म है, जिसमें यश का एक्शन काफी धमाकेदार है। यश की इस फिल्म का निर्देशन Manju Mandavya ने किया था। ये फिल्म भी यू-ट्यूब पर आप आसानी से देख सकते हैं। साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म संतु स्ट्रेट फॉरवर्ड की कहानी लव ट्राई एंगल पर आधारित है। इस फिल्म में यश के साथ राधिका पंडित नजर आई हैं। फिल्म में यश सिंपल और शरीफ लड़के संतु की भूमिका निभाई में हैं, जिसे सब प्यार करते हैं और संतु अनन्या (राधिका पंडित) का दीवाना है। हालांकि, फिल्म की कहानी में एक ट्विस्ट है, जो विलन लेकर आता है। यश की इस फिल्म को हिंदी में डब किया गया था। फिल्म सोनी लिव पर मौजूद है। केजीएफ चैप्टर 1 यश के करियर की ऐसी फिल्म है, जिसने अभिनेता को पैन इंडिया स्टार बना दिया है। ये फिल्म साल 2018 में रिलीज हुई थी, जिसमें यश रॉकी भाई के किरदार में नजर आए हैं। इस फिल्म में यश के एक्शन, डायलॉग और दमदार अंदाज ने फैंस का दिल जीत लिया था। इस फिल्म का ही अब दूसरा चैप्टर 14 अप्रैल को रिलीज हो रहा है, जिसमें यश और संजय दत्त का एक्शन देखने को मिलेगा। यश की ये फिल्म अमेजन प्राइम पर आप देख सकते हैं।

# बिना कट्स के यूएई में रिलीज होगी फिल्म द कश्मीर फाइल्स




कश्मीरी पंडितों के नरसंहार पर आधारित फिल्म ने बच्चन पांडे और आरआरआर को पछाड़ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। वहीं अब विवेक अग्निहोत्री की फिल्म %द कश्मीर फाइल्स% ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में बड़ी जीत हासिल कर ली है। लंबी लड़ाई के बाद %द कश्मीर फाइल्स% अब,श्व में 7 अप्रैल को रिलीज होने जा रही है।

### बिना कट्स के रिलीज होगी फिल्म

इस बात की जानकारी देते हुए विवेक अग्निहोत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की है। निर्देशक लिखते हैं, 卐संयुक्त अरब अमीरात के सेंसर बोर्ड ने द कश्मीर फाइल्स को पास कर दिया है। यह फिल्म बिना किसी कट और 15+ की रेटिंग के साथ सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि विशेष रूप से, 1990 के पलायन के दौरान कश्मीरी पंडितों के नरसंहार का दस्तावेजीकरण करने वाली इस फिल्म को पहले अज्ञात कारणों से संयुक्त अरब अमीरात में प्रतिबंधित कर दिया गया था। यह फिल्म अब 7 अप्रैल को बड़े पर्दे पर दस्तक देगी।

### अनुपम खेर ने दी प्रतिक्रिया

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने भी विवेक अग्निहोत्री के ट्वीट को साझा करते हुए %हर हर महादेव% लिखा है। वहीं %द कश्मीर फाइल्स% की टीम अब फिल्म को सिंगापुर में रिलीज करने पर काम कर रही है।

### ब्रिटिश संसद में कश्मीरी पंडितों के बारे में बोलेंगे विवेक अग्निहोत्री

इस बीच, दुनिया भर में आलोचनात्मक प्रशंसा प्राप्त करने के बाद अब विवेक अग्निहोत्री को ब्रिटिश संसद में आमंत्रित किया गया है। निर्देशक को 1990 के दशक के दौरान कश्मीरी पंडितों के साथ हुए हत्याचारों के बारे में बताने के लिए बुलाया गया है। उम्मीद है कि विवेक अग्निहोत्री अपनी पत्नी और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री पल्लवी जोशी के साथ अप्रैल में यूके जाएं।

### कितना रहा अब तक का कुल कलेक्शन

राम चरण और जूनियर एनटीआर की आरआरआर से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करने के बावजूद, अपनी रिलीज़ के तीसरे सप्ताह में अनुपम खेर अभिनीत फिल्म 250 करोड़ रुपये के क्लब की ओर दौड़ रही है। बुधवार यानी 30 मार्च तक इसका कलेक्शन 234.03 करोड़ रुपये को पार कर गया है। अनुपम खेर के साथ इस फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती, दर्शन कुमार, पल्लवी जोशी, चिन्मय मंडलेकर, प्रकाश बेलावाड़ी, भाषा सुंबली, पुनीत इस्सर, मृणाल कुलकर्णी भी हैं।

# मारूति नेक्सा सर्विस सेंटर ने खरीद ली गढ़ा चौहानी की सड़क



**जबलपुर, यशभारत।** मारूति नेक्सा सर्विस सेंटर ने खरीद ली गढ़ा चौहानी की सड़क पढ़कर थोड़ा अजीब लग रहा होगा, सोच रहे होंगे की सरकारी सड़क कोई कैसे खरीद सकता है। सही भी है ऐसा नहीं हो सकता हैं। लेकिन जिस तरह से मारूति नेक्सा सर्विस सेंटर द्वारा त्रिपुरी गढ़ा से लेकर देवताल खड़ी की जा रही कारों को देखकर ऐसा लगता है कि सर्विस सेंटर संचालक ने रोड खरीद ली हो। जानकर हैरानी होगी कि सर्विस सेंटर से चंद कदमों में यातायात गढ़ा थाना है बाबजूद पुलिस कर्मी इस गंभीर समस्या की तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं।



## 1 किलोमीटर तक खड़ी रहती कारें

त्रिपुरी चौक से कुछ दूरी पर मारूति सुजुकी नेक्सा का सर्विस सेंटर है। सर्विस के लिए सेंटर में हजारों गाड़ियां आती है और सर्विस सेंटर के पास पार्किंग की इतनी व्यवस्था नहीं है कि सर्विस के लिए आने वाली कारों को खड़ा कर सकें। रोजाना देवताल से लेकर त्रिपुरी तक 100 से ज्यादा गाड़ियां खड़ी रहती है और यातायात को अव्यवस्थित करती है।

## हादसा होने से बच रहे हैं

गढ़ा मेडिकल सड़क से गुजरने वाले वाहन चालक आधी सड़क पर कारें खड़ी होने से बेहद परेशान है। उनका कहना है कि नेक्शा सर्विस सेंटर की मनमानी के कारण इस सड़क में हादसे होने से बच रहे हैं। तेज गति से निकलने वाहन इन कारों की वजह से अनियंत्रित हो रहे हैं। लोगों की माने तो सड़क पर कार खड़ी कराने को लेकर सर्विस सेंटर संचालक को मना किया गया बाबजूद कारें खड़े हो रही हैं।

# 60 साल की शराबी पत्नी से तंग आकर पति फांसी पर झूला





मृतक के जीवित अवस्था का चित्र

**जबलपुर यशभारत।** मदनमहल के सुविधा अस्पताल के पीछे आज गुरुवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक वृद्ध व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि वृद्ध पति अपनी पत्नी से प्रताड़ित था। पत्नी अक्सर शराब पीकर उससे गालीगलौच करती थी, दरमियानी रात तो पत्नी ने हद कर दी और अपने सगे संबंधियों को लाकर पहले तो पति को जलील किया और फिर बाइक, कपड़े तक छीन लिए। जिसके बाद वृद्ध ने मौत का रास्ता चुन लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली कि सुविधा अस्पताल के पीछे पेशे से हलवाई पूरन सिंह शर्मा ने फांसी लगा ली है। मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर, मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार घटना के बाद रहवासियों ने बताया कि दरमियानी रात पति और पत्नी में जमकर विवाद हुआ था। जिसके बाद पत्नी अपने सगे संबंधियों को लेकर पति से झगड़ा करने आई थी और पूरी बस्ती के सामने जमकर गालियां दी और तो और पति की बाइक और कपड़े भी छीन लिए। यह बेइज्जति पति बर्दाश्त नहीं कर सका और फांसी पर झूल गया।

## परिवार से रहता था अलग, शराबी थी पत्नी

रहवासियों ने बताया कि पत्नि अक्सर शराब पीकर घर आती थी और नशे में घुत्त होकर पति से मारपीट करती थी। पति यह सब कुछ वर्षो से सह रहा था, इसी के चलते वह परिवार से भी अलग रह रहा था। बहरहाल पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है, अब पूरी जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# लाश के गायब मिले जूते, जेब की पेंट भी खाली एक दिन पुराना है शव

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल के कुलयाना मोहल्ल में संदिग्ध हालत में, एक दिन पुराने मिले शव के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। लोगों ने जैसे ही झाड़ियों में पड़े शव को देखा तो सन्न रह गए, शव की जीभ बाहर निकली थी। मामले की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची एफएसएल टीम, डॉग स्कवॉड और पुलिस ने छानबीन शुरु कर दी है। जानकारी अनुसार कुलयाना मोहल्ला में आज सुबह मैदान के पास लगीं झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा हुआ था। आसपास के रहवासियों ने पुलिस को सूचित किया। जिसके बाद मौके पर अधारताल की टीम सहित सीएसपी प्रियंका किरचाम पहुंची। शव के पास ही एक एक्टिवा खड़ी हुई थी। जिसके बाद युवक की पहचान अमखेरा निवासी कनौजिया के रुप में हुई है।

## नहीं मिले जूते, जेब भी थीं खाली

प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस ने बताया कि मृतक की जेबों में किसी भी प्रकार का कोई सामान नहीं पाया गया है, साथ ही युवक जूते-चप्पल भी नहीं पहना था। लिहाजा मामला संदिग्ध है। बताया जाता है कि युवक को पहले गला दबाकर मौत के घाट उतारा गया और फिर उसके साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। लिहाजा पुलिस की टीम मृतक के शॉर्ट पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

# बेकाबू कार चालक ने राहगीर को रौंदा डिवाइडर से टकराकर युवक, मौत

**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर थाना अंतर्गत छोटी लाइन में पैदल जा रहे एक युवक को बेकाबू वाहन ने रौंद दिया। घटना के बाद युवक डिवाइडर से टकरा गया, जिसमें उसका सिर बीच रोड में ही खुल गया। आनन-फानन में युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि विक्टोरिया अस्पताल के कंपाउंडर मनीष सोंधिया ने सूचित किया कि मदन महल निवासी अनिल पासी पिता मथुरा प्रसाद पासी उम्र 45 वर्ष की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी।

## खंगाले जा रहे आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज

पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी लगते ही मौके पर छानबीन की गई। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि युवक पैदल रोड पार कर रहा था, तभी फोर व्हीलर के चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घटना के दौरान युवक डिवाइडर से टकरा गया और इलाज के दौरान सिर में अधिक चोट लगने के कारण उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले जा रहे है। जिसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## कार चालक ने अधेड़ मारी टक्कर

माढ़ोताल थाना अंतर्गत पाटन बायपास पर एक बेकाबू कार चालक ने अधेड़ को कुचलकर मरणासन्न कर दिया और मौके से फरार हो गए। घायल को राहगीरों द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि काशीराम मेहरा को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित को पाटन बायपास के पास बेकाबू कार क्रमांक एमपी 20 सीएल 4488 के चालक ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला विवेचना में लिया है।

# दो शातिर चोरों से 4 लाख के गहने किए बरामद

जबलपुर यशभारत। संजीवनीनगर पुलिस ने दो शातिर चोरों को दबोचकर 4 लाख रुपए के गहने और कैमरा आदि जब्त किया है। पकड़े गए आरोपी बकायदा रैकी कर, पूरे प्लान के साथ वारदात को अंजाम देते थे। दोनों से पूछताछ जारी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि नौमी पटैल 31 वर्ष निवासी ग्राम नौनी टिपरा शहपुरा वर्तमान निवासी होलीक्रास स्कूल के सामने धनवंतरीनगर संजीवनीनगर ने पुलिस को बताया कि 14 मार्च 2022 को मकान में ताला लगाकर परिवार सहित अपने गांव नौनी टिपरा गई थी, जब वापस आई तो देखा कि मेन दरवाजे का ताला टूटा पड़ा था और अलमारी से 85 हजार के जेवरात और नगदी गायब थे। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद अंगुली चिन्ह विशेषज्ञ निरीक्षक अखिलेश चौकसे से कराया गया, जिनके द्वारा घटना स्थल से फिंगर प्रिंट संकलित किये गये। घटना स्थल पर मिले फिंगर प्रिंटो का मिलान पूर्व में पकड़े गये सम्पत्ति सम्बंधी अपराधियों से किया जाने पर वर्ष 2015 में चोरी के प्रकरण में पकड़े गये आरोपी अरूण बेन उर्फ गुल्ली पिता मनोहर बेन निवासी जोगी मोहल्ला से मैच होने पर सरगर्मी से तलाश करते हुये अरूण बेन को अभिरक्षा में लेकर सघन पूछताछ की गयी तो अपने साथी राकेश साहू के साथ धनवंतरीनगर क्षेत्र मे 4 नकबजनी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी राकेश साहू को भी अभिरक्षा में लिया गया।

# चपटा का मकान-होटल पल भर में जमींदोज़



दो करोड़ की बेशकीमती जमीन पर 30 लाख का था निर्माण, पुलिस एवं प्रशासन की नगर निगम के साथ मिलकर संयुक्त कार्यवाही

**जबलपुर,यशभारत।** हनुमानताल स्थिति टेडीनीम और बहोराबाग में आलीशान होटल और मकान का अवैध निर्माण करने वाले पुराने बदमाश रईश चपटा के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई कर, पल भर में ही 30 लाख के निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। आरोपी ने दो करोड़ की बेशकीमती जमीन पर इमारतें तान रखी थीं। जिसपर 15 आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज है। जो यहां अवैध गतिविधियां संचालित कर रहा था। जानकारी अनुसार कलेक्टर जबलपुर डॉ. इलैयाराजा टी. एवं एसपी तथा नगर निगम कमिश्नर के मार्गदर्शन में थाना हनुमानताल अंतर्गत बदमाश रईस अहमद अंसारी उर्फ रईस चपटा पिता वसीर अहमद निवासी पचकुईया ठक्कर ग्राम थाना हनुमानताल जिसके खिलाफ 15 अपराध थाना हनुमानताल में हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, बमबाजी, जुआ, सट्टा, के पंजीबद्ध हैं। जिसके द्वारा टेढीनीम में लगभग 4000 वर्गफुट भूमि जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ रूपये है पर 10 लाख रूपये की लागत से अनाधिकृत रूप से निर्मित दुकान तथा 2 कमरे एवं गोदाम को पुलिस एवं प्रशासन तथा नगर निगम की मौजूदगी में जमीदोज किया गया।

**मकान पर चला बुल्डोजर** पुलिस प्रशासन ने रईस चपटा के द्वारा बहोराबाग में लगभग 2500 वर्गफुट भूमि जिसकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ रूपये है पर लगभग 20 लाख रूपये की लागत से अनाधिकृत रूप से निर्मित मकान पर भी बुल्डोजर चलाकर नेस्तनाबूत कर दिया। विवाद होने की आशंका को ध्यान मे रखते हुये कार्यवाही के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल खाण्डेल, परिवीक्षाधीन शशांक, एस.डी.एम. आधारताल नमः शिवाय अरजरिया, नगर पुलिस अधीक्षक अखिलेश गौर, नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल श्रीमति प्रियंका करचाम, थाना प्रभारी गोहलपुर अरविंद चौबे, थाना प्रभारी हनुमानताल उमेश गोल्हानी, थाना प्रभारी कैंट विजय तिवारी, थाना प्रभारी बेलबाग सुश्री प्रियंका केवट, थाना प्रभारी खमरिया सुश्री निरूपा पाण्डे, थाना प्रभारी रांझी विजय सिंह परस्ते थाने के बल के साथ तथा रक्षित निरीक्षक सौरभ तिवारी पुलिस लाईन सहित नगर निगम अतिक्रमण दस्ता प्रभारी लक्ष्मण कोरी अतिक्रमण अमला के साथ मौजूद थे।

# नाबालिग को चाकुओं से गोदा



**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर के रामपुर में बुधवार की दरमियानी रात पुरानी रंजिश का बदला लेने ताक पर बैठे दो युवकों ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक नाबालिक पर चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर लहूलुहान कर दिया और मरणासन्न छोड़कर मौके से फरार हो गए। जिसके बाद आनन फानन में राहगीरों ने युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अंकित केवट 17 वर्ष निवासी माढंवा ब्रजमोहन नगर ने शिकायती आवेदन में बताया है जब वह रामपुर से घर जा रहा था, उसी दौरान राज ठाकुर, राहुल गुप्ता और उनके साथी पुरानी रंजिश के चलते गालीगलौच करने लगे। जब उसने गालियां देने से मना किया तो जमकर मारपीट कर दी और बाद में चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर बुरी तरह घायल कर मौके से फरार हो गए। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीव्ही खंगाल कर आरोपियों तक पहुंचने प्रयासरत है।

# ओएफके में पहली बार 5 हजार मल्टीमोड हेंड ग्रेनेड का उत्पादन



**जबलपुर यशभारत।** ओएफके के लिए यह साल इस मायने में उपलब्धि भरा रहा कि लंबे समय बाद निर्माणी मे बंद पड़े हेंड ग्रेनेड के नये विकसित मल्टीमोड हेंड ग्रेनेड जिसे शिवालिक नाम दिया गया है के दिये गए पांच हजार का निर्माण कर उपलब्धि हासिल की है।इसी के साथ रूस के तकनीकी अनुबंध के तहत बनने वाले125एम एम एफ एस ए पी डी एस जिसे मेंगो प्रोजेक्ट के रूप में परिकल्पना की गई थी में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। प्रबंधन का पूरा ध्यान इन्हीं दो उत्पादों पर केन्द्रित रहा और सत्र के अंतिम दिन करीब 6सौ 50करोड़ रुपए का उत्पादन हो गया है। खमरिया के पी आर ओ दिनेश कुमार उपमहाप्रबंधक ने बताया कि शाम तक वास्तविक आंकड़े आ जायेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार निर्माणी को661करोड़ रुपए का लक्ष्य दिया गया था। इसके बाद तुलना की जाये तो यह बात भी सामने आती है कि खमरिया ने इस बार सबसे कम उत्पादन किया है । उल्लेखनीय है कि पूर्व में खमरिया फैक्ट्री का उत्पादन दो हजार करोड़ रुपये से ज्यादा 21सौ 22सौ करोड़ रुपये का रहा।जिसे शुरू मे ही घटा कर 11 सौ करोड़ रुपये तक सीमित कर दिया गया।पी आर ओ दिनेश कुमार के अनुसार वैश्विक बीमारी करोना की वजह से कच्चे माल की आपूर्ति बाधित होने के साथ कर्मचारियों की उपस्थिति भी उस दौरान कम रही।लिहाजा उत्पादन पर असर पड़ा आदि अनेक कठिनाइयों के चलते प्रति त्रैमासिक समीक्षा के चलते उत्पादन 661 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया जिस लक्ष्य के करीब पहुंच चुके हैं।वास्तविक स्थिति शाम तक स्पष्ट हो जायेगी। दूसरी ओर श्रमिक नेता उत्पादन लक्ष्य मे कटौती को दुर्भाग्य पूर्ण मान रहे हैं।यह इतिहास का सबसे कम लक्ष्य है।उन्होंने ने माना कि वैश्विक बीमारी कोरोना के चलते कच्चे माल की आपूर्ति के साथ कम कर्मचारियों की उपस्थिति में उत्पादन प्रभावित हुआ।लेकिन सरकार की इच्छा भी उत्पादन कटौती की रही।यदि कर्मचारियों को सुविधाएं दी जाती तो उत्पादन कम से कम 11सौ करोड़ रुपए का हो सकता था।एक ओर जहां कर्मचारियों के काम के घंटों में कटौती कर दी गई वहीं निजीकरण को बढ़ावा देने अनेक उत्पादों को निजी क्षेत्र को दे दिया। इसका जीता जागता उदाहरण है मल्टीमोड हेंड ग्रेनेड जिसे निजी कंपनियों को एक लाख की संख्या में बनाने के आदेश दिए लेकिन जब वे आपूर्ति में असफल हो गए तो मजबूरी में निर्माणी मे पांच हजार बनाने के आदेश जारी किए गए। हमें गर्व है कि चुनौतियों का मुकाबला करते हुए तय समय में लक्ष्य पूरा कर लिया।

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

यश भारत NEWS
चैनल का प्रसारण अब इन सेटअप बॉक्स में भी
हेतवे - 598
डिजीयाना - 122
यूसीएन - 81
रहें खबरों से अपडेट

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
फ्रुट आयटम उपलब्ध
चना, रेबड़ी, गजक, ड्रायफ्रूट, नमकीन, तोस, लईया, लड्डू, भेल
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304

वास्तविक नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन
शंकरा आई फाउंडेशन के VISION 100000 प्रोजेक्ट के अंतर्गत
दक्ष नेत्रालय
लेंस का भी चार्ज नहीं
डॉ. चैताली पटेल हर्षे MBBS, MS, FLVPEI (LV PRASAD EYE INSTITUTE)
डॉ. कौस्तुभ हर्षे MBBS (AFMC), DNB (GOLD MEDAL), FVRS (SANKARA)
परामर्श शुल्क 350/-
प्रथम तल, ओमेगा चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर
9111021252, 0761-4925929, 7049984830
सोम- शनि । समय: 10AM-6PM

महाकोशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घण्टे
Life Care ICU. मुखर्जी हॉस्पिटल
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम एवं सुविधाएं:-
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलोजिस्ट)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ एम. चंसौरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ पुनीत भल्ला (एम.डी. कार्डियोलॉजिस्ट)
डॉ अखिलेश पटेल (छाति एवं सांस रोग विशेषज्ञ एम.डी)
डॉ नेहा चंसौरिया B.D.S. M.D.S (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
covid-19 संबंधित हर इलाज, सांस फूलना, फेफड़ों की बीमारी, महाकौशल का सबसे आधुनिक वेंटिलेटर उपलब्ध, हड्डी की चोट, सर की चोट, हेड इंज्यूरी, जहरीली वस्तु का सेवन, (POISON-UNIT) बर्न यूनिट, डायलिसिस सुविधा, उच्च स्तरीय ट्रेन्ड नर्सिंग- पैरा मेडिकल स्टाफ, भर्ती मरीजों के लिए डायटिशियन द्वारा बताया गया भोजन, नि:शुल्क उपलब्ध।
पताः- 1933,प्रेम मंदिर के पास राइट टऊन, जबलपुर, संपर्क सूत्रः-7049079825, 9300920067
हॉस्पिटल फोन:- 0761- 4038666, जबलपुर का प्रथम CRITICAL CARE हॉस्पिटल (E-mail:- lifecareicujbp@gmail.com)

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085।
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)